बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

मौसम

तापमान 24 – 31
आर्द्रता 78%
सूर्योदय: 5:39 सूर्यास्त: 17:02

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



गवाहों को अदालत में झूठी गवाही देने के लिए धमकाना संज्ञेय अपराध : उच्चतम न्यायालय पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : बिना कुछ लिए आते हैं, हर चीज के लिए झगड़ते हैं और सब कुछ छोड़ जाते हैं।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

समाज्ञा हिन्दी दैनिक
कॉर्पोरेट आफिस :
230, चित्तरंजन एवेन्यू,
3सरा तल्ला
कोलकाता–700 006

## एसआईआर में किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटेगा : सीईओ



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पूरा होने के बाद एक भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सूची 100 प्रतिशत त्रुटिहीन और पारदर्शी होगी। सीईओ अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा कि मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि एक भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं छूटेगा। हमें उम्मीद है कि यह शत–प्रतिशत त्रुटिहीन मतदाता सूची होगी। उन्होंने यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में एक सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 7,66,37,529 मतदाता हैं। अग्रवाल ने कहा कि बिहार में हमारे पास समय नहीं था। बंगाल में हमारे पास समय है। इसलिए, कोई भ्रम पैदा करने का कोई मौका नहीं है। वर्ष 2002 की तुलना में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि सामान्य है। कई लोगों के नाम स्थानांतरित हो गए हैं। जिन मतदाताओं का विवरण 2002 के रिकॉर्ड से मेल खाता है, उन्हें किसी अतिरिक्त सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। जबकि जिनके विवरण अधूरे या असंगत हैं, उनकी स्थानीय अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी। प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताते हुए अग्रवाल ने कहा कि चार नवंबर से बंगाल में घर–घर जाकर सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) 9 दिसंबर 2025 को प्रकाशित किया जाएगा। इसके साथ ही दावा और आपत्ति की प्रक्रिया 8 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसके बाद जांच और सत्यापन चरण 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## 2026 से पहले मनचाही मतदाता सूची बनाने की साजिश : अभिषेक बनर्जी

**कहा... 'केन्द्र ने बंगाल का बकाया नहीं दिया तो दिल्ली में होगी मेगा रैली'**



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने केंद्र और चुनाव आयोग पर तीखा हमला किया और कहा कि देश भर में एक साजिश के तहत बंगालियों को बांग्लादेशी बताया जा रहा है। तृणमूल के सेकेण्ड–इन चीफ माने जाने वाले उक्त सांसद ने कहा कि अगर केन्द्र ने अगर बंगाल का बकाया जल्द नहीं दिया तो हमलोग दिल्ली में मेगा रैली करेंगे। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत चल रहा मतदाता सूची संशोधन लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है। अभिषेक बनर्जी ने केंद्र सरकार के उस फैसले पर सवाल उठाया जिसमें एसआईआर प्रक्रिया में केवल बंगाल को शामिल किया गया है, जबकि बांग्लादेश की सीमाएं पांच भारतीय राज्यों – असम, मिज़ोरम, मेघालय, त्रिपुरा और बंगाल से लगती हैं। उन्होंने कहा कि अगर लक्ष्य अवैध प्रवासियों को रोकना है, तो असम को इससे बाहर क्यों रखा गया है? असली उद्देश्य बंगालियों को बांग्लादेशी बताकर उनका अपमान करना है। उन्होंने केंद्र पर 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले इस प्रक्रिया का राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने घोषणा की कि पहले लोग सरकार चुनते थे, लेकिन आज सरकार लोगों को चुन रही है। सर, इसके बाद भी हम 2021 से ज़्यादा सीटें जीतेंगे और भाजपा की सीटें 50 से नीचे लाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सीधा निशाना साधते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि अमित शाह और ज्ञानेश कुमार कितनी जानें लेंगे? भाजपा ने यह खेल शुरू किया था; हम इसे खत्म करेंगे। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। उन्होंने भाजपा से बंगाल से नहीं, तृणमूल से लड़ने का आग्रह किया। अभिषेक बनर्जी उन्होंने साफ कहा कि अगर जल्द से जल्द बकाया नहीं लौटाया गया, तो वे दिल्ली जाकर फिर से धरना देंगे। भाजपा को उनकी 'सलाह' – अभी सीख लो वरना 2026 में और बड़ा पतन होगा।

## छठ पूजा ने रचा आर्थिक इतिहास: देशभर में 50 हजार करोड़ का कारोबार

**आस्था के साथ गूंजा स्वदेशी बाजार**

### जीएसटी बचत उत्सव और रोज़गार में बढ़ोतरी



उगते सूर्य को अर्ध्य देती छठव्रती

**नयी दिल्ली :** छठ पूजा इस बार सिर्फ आस्था और परंपरा का पर्व नहीं रहा, बल्कि इसने देश की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा दी। कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक ताज़ा अध्ययन के अनुसार, इस वर्ष देशभर में 10 करोड़ से अधिक लोगों ने छठ पूजा मनाई और लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा का व्यापार हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ अभियान और जीएसटी में कटौती के प्रभाव ने इस बार के पर्व को आर्थिक दृष्टि से भी ऐतिहासिक बना दिया। कैट के आंकलन के मुताबिक बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और दिल्ली–एनसीआर में छठ पर्व का सबसे बड़ा आर्थिक प्रभाव देखने को मिला। दिल्ली में करीब 8 हज़ार करोड़, बिहार में 15 हज़ार करोड़, झारखंड में 5 हज़ार करोड़ और देशभर में कुल मिलाकर 50 हज़ार करोड़ रुपये का व्यापार हुआ। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीन खंडेलवाल के अनुसार, यह अध्यन भारत की सनातन अर्थव्यवस्था पर चल रहे एक दीर्घकालिक शोध का हिस्सा है, जिसमें त्योहारों और विवाह सीज़न के आर्थिक प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है।

**महानगरों से गांवों तक फैला आर्थिक प्रभाव**

खंडेलवाल ने बताया कि पारंपरिक राज्यों से आगे बढ़कर अब छठ उत्सव का असर देश के हर कोने में महसूस किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने इस बार 1,500 से अधिक घाट तैयार किए, जिससे पूजा सामग्री, सजावट, सुरक्षा और सफाई सेवाओं में व्यापक खर्च हुआ। वहीं कोलकाता, भोपाल, मुंबई, जयपुर और हैदराबाद जैसे शहरों में भी प्रवासी पूर्वांचली समुदायों के कारण घाटों की मरम्मत, अस्थायी ढांचे और पूजन सामग्री की भारी मांग रही।

**कृषि और स्थानीय उत्पादों की मांग में भारी उछाल**

छठ पर्व पर स्थानीय कृषि उत्पादों और घरेलू सामान की बिक्री में इस साल जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। खरीदारी में केला, गन्ना, नारियल, मौसमी फल, चावल, अनाज, ठेकुआ, गुड़ उत्पाद, दीये, पत्तल, मिट्टी के बर्तन, बांस की टोकरी जैसी वस्तुएं प्रमुख रहीं। स्थानीय स्तर पर बने इन उत्पादों की बिक्री ने छोटे व्यापारियों और कारी–गरों की आमदनी बढ़ाई।

खंडेलवाल ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी उत्पादों के आह्वान को लोगों ने पूरे उत्साह से अपनाया। देशभर में स्वदेशी छठ अभियान के तहत स्थानीय ठेकुआ निर्माताओं, बर्तनकारों, बांस के कारीगरों और गुड़ उत्पादकों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस अभियान ने ग्रामीण हस्तशिल्प और पारंपरिक उद्योगों को नई पहचान दी।

### आंकड़ों के मुताबिक लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना

**लाहौर :** एक निजी प्रौद्योगिकी कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान का लाहौर शहर सोमवार को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा। एक सप्ताह में ऐसा दूसरी बार हुआ है, जहां धुंध का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानदंडों से कहीं अधिक खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर का अपना वायु गुणवत्ता सूचकांक नहीं है। हालांकि प्रांतीय सरकार का कहना है कि वह स्मॉग आपातकालीन योजना को सक्रिय रूप से लागू कर रही है, विशेष रूप से लाहौर में। आईक्यूएयर के नामक कंपनी के मुताबिक लाहौर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खतरनाक स्तर 312 तक पहुंच गया। शहर की आबो हवा में सबसे हानिकारक कण पीएम 2.5 की सांद्रता 190.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गई।

## बिहार और पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में नाम होने पर प्रशांत किशोर को नोटिस



**पटना/कोलकाता :** जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर को बिहार और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया गया। किशोर ने हालांकि निर्वाचन आयोग पर ही जवाबदेही डालते हुए कहा कि आयोग को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत उनका नाम सही तरीके से संशोधित करना चाहिए था। बिहार के रोहतास जिले के करगहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता के रूप में पंजीकृत किशोर को जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, किशोर का नाम पश्चिम बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में भी दर्ज है। कोलकाता के 121, कालीघाट रोड को किशोर का पंजीकृत पता बताया गया है, जो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) मुख्यालय का पता है। अधिकारी ने बताया कि किशोर का मतदान केंद्र बी. रानीशंकरी लेन स्थित 'सेंट हेलन स्कूल' में है। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कोलकाता में संवाददाताओं को बताया, इस संबंध में आयोग ने हमसे अब तक कुछ नहीं मांगा है। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ईपीआईसी नंबर की जानकारी मांगी थी, जो हमने साझा कर दी है। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में किशोर तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक सलाहकार रहे थे।

## आठवें वेतन आयोग के गठन को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी, 18 महीने में आएगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दे दी। आयोग 18 महीने में अंतिम रिपोर्ट देगा लेकिन एक जनवरी, 2026 से ही उसकी सिफारिशें प्रभावी होने की संभावना है। इन सिफारिशों से केंद्र सरकार के करीब 50 लाख कर्मचारी और 69 लाख पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही इसकी अनुशंसाओं का प्रभाव राज्य सरकारों के कर्मचारियों के वेतन ढांचे पर भी पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को आयोग की कमान सौंपी गई है। आयोग अपनी अंतिम रिपोर्ट 18 महीनों में देगा, जबकि समय–समय पर अंतरिम रिपोर्टें भी देता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आठवें वेतन आयोग के गठन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दी गई। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी दी। मंत्रिमंडल का यह निर्णय आयोग को स्थापित करने की जनवरी, 2025 में दी गई सैद्धांतिक मंजूरी के नौ माह बाद आया है। यह फैसला बिहार विधानसभा के लिए छह एवं 11 नवंबर को होने वाले मतदान के ऐन पहले लिया गया है।

## पानीहाटी में कथित एनआरसी के डर से व्यक्ति ने की आत्महत्या, ममता ने केंद्र पर बोला हमला



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) को लेकर भय फैलाने का मंगलवार को आरोप लगाया। उन्होंने यह टिप्पणी पानीहाटी में उस व्यक्ति की कथित आत्महत्या के कुछ घंटों बाद की, जिसने अपनी मौत के लिए एनआरसी को जिम्मेदार ठहराया है। बैरकपुर के पुलिस आयुक्त मुरलीधर शर्मा ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी निवासी प्रदीप कर (57) मंगलवार की सुबह अपने आवास पर फंदे से लटके मिले। शर्मा ने बताया कि एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें एनआरसी का जिक्र है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा के बाद से व्यक्ति अवसाद में था। इस घटना के बाद, 'भाजपा की भय और विभाजन की राजनीति' की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एनआरसी को लेकर पार्टी के अभियान ने लोगों में दहशत पैदा कर दी है। ममता ने पोस्ट में कहा कि यह सोचकर मैं अंदर तक हिल जाती हूं कि कैसे भाजपा ने वर्षों से एनआरसी के डर से निर्दोष नागरिकों को परेशान किया है, झूठ फैलाया है, दहशत फैलाई है और वोट के लिए असुरक्षा को हथियार बनाया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने 'संवैधानिक लोकतंत्र को भय का रंगमंच' बना दिया है और कहा कि 'दुखद मौत विषैले दुष्प्रचार' का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने संवैधानिक लोकतंत्र को भय का रंगमंच बना दिया है, जहां लोगों को अपने अस्तित्व के अधिकार पर ही संदेह करने पर मजबूर किया जा रहा है। यह दुखद मौत भाजपा के विषैले दुष्प्रचार का सीधा नतीजा है। दिल्ली में बैठकर राष्ट्रवाद का उपदेश देने वालों ने आम भारतीयों को इतनी निराशा में धकेल दिया है कि वे अपनी ही धरती पर इस डर से मर रहे हैं कि उन्हें 'विदेशी' घोषित कर दिया जाएगा।

### सोना 4,100 रुपये गिरकर 1,21,800 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 6,250 रुपये टूटी

**नयी दिल्ली :** अमेरिका–चीन व्यापार तनाव कम होने के बीच सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में मांग कम होने के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 4,100 रुपये गिरकर 1,21,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं और वैश्विक बाजारों में 4,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को सोने की कीमत 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। ' चांदी की कीमतों में भी मंगलवार को 6,250 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई और यह 1,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

## राजस्थान की संस्कृति और विकास में प्रवासियों की अहम भूमिका : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**कोलकाता, समाज्ञा :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोलकाता में आयोजित प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में कहा कि राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को विश्वभर में फैलाने में प्रवासी राजस्थानियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी न केवल राज्य के गौरव हैं, बल्कि हमारी पहचान के प्रतीक भी हैं। मुख्यमंत्री ने समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान फाउंडेशन की कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया, जिसमें प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रवासियों से राज्य के विकास, निवेश और नवाचार में भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार प्रवासी समुदाय के साथ सतत संवाद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य अब विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है और हर राजस्थानी के सुख–दुख में सरकार साथ खड़ी है। राजस्थान फाउंडेशन की पहल पर आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, विभिन्न जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। कोलकाता में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित इस सम्मेलन में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री की पहल की प्रवासी राजस्थानियों ने सराहना की और राज्य के विकास में सहयोग देने का आश्वासन दिया। – पृष्ठ 4

## भारत के पांच महानगरों में करीब 900 वर्ग किलोमीटर भूमि धंस रही, कोलकाता भी शामिल : अध्ययन



**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली और कोलकाता सहित भारत के पांच महानगरों में लगभग 900 वर्ग किलोमीटर भूमि संभवत: धंस रही है और इससे 19 लाख लोगों को प्रति वर्ष चार मिलीमीटर से अधिक की भू धंसाव दर का सामना करना पड़ सकता है। एक अध्ययन में यह आकलन किया गया है। अमेरिका के वर्जीनिया पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट और स्टेट यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ताओं ने 2015–23 के दौरान एकत्रित उपग्रह चित्रों का विश्लेषण किया और पाया कि 2,400 से अधिक इमारतों पर पहले से ही संरचनात्मक क्षति का खतरा मंडरा रहा है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि भूमि धंसने से बाढ़ और भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि जब किसी शहर के नीचे की जमीन असमान रूप से धंसती है, तो इससे नींव कमज़ोर हो सकती है, बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और ढांचा कमजोर हो सकता है। 'नेचर सस्टेनेबिलिटी' पत्रिका में प्रकाशित अनुसंधान पत्र के मुताबिक अगर भूमि में धंसाव की यह दर जारी रही, तो अगले 50 वर्षों में 23,500 से ज्यादा इमारतों को बहुत ज्यादा संरचनात्मक क्षति का सामना करना पड़ सकता है। अध्ययन में दिल्ली और चेन्नई के अलावा मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु की इमारतों का अध्ययन किया गया। वर्जीनिया पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट एंड स्टेट यूनिवर्सिटी के स्नातक छात्र और अनुसंधान पपत्र के प्रमुख लेखक नितेशनिर्मल सदाशिवम ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि अध्ययन में शामिल शहरों में भूमि धंसाव के प्रमुख कारकों में अत्यधिक भूजल का दोहन शामिल है, तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भवनों का भार भी भूमि धंसाव का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा, ''वर्तमान धंसाव दर और भविष्य की स्थितियों का सटीक विश्लेषण इंगित करता है कि दिल्ली–एनसीआर में भवनों को नुकसान पहुंचने का खतरा सबसे अधिक है।'' अनुसंधान पत्र के लेखकों ने कहा कि अनुमान है कि 2030 तक नई दिल्ली, जापान के तोक्यो को पीछे छोड़कर विश्व की सबसे बड़ा महानगर बन जाएगा तथा भारत में दो अतिरिक्त महानगर भी उभरने की संभावना है। उन्होंने कहा कि देश की जनसंख्या 2024 तक 0.92 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिससे कई शहरी क्षेत्रों में पानी की गंभीर कमी हो सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने पांचों महानगरों में 13 लाख से अधिक भवनों का अध्ययन किया जहां आठ करोड़ आबादी रहती है। उन्होंने पाया, ''878 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में भू धंसाव की जानकारी मिली, जिससे लगभग 19 लाख लोग प्रति वर्ष चार मिलीमीटर से अधिक की धंसाव दर से प्रभावित हो रहे हैं।'' अध्ययन के मुताबिक शहरों में व्यापक पैमाने पर भू–धंसाव देखा गया, जिसमें नयी दिल्ली में सबसे अधिक दर 51 मिलीमीटर प्रति वर्ष से भू धंसाव देखी गई। इसके बाद चेन्नई में 31.7 मिलीमीटर प्रति वर्ष तथा मुंबई में 26 मिलीमीटर प्रति वर्ष की दर से भू–धंसाव दर्ज किया गया। कोलकाता में भू–धंसाव की दर 16.4 मिलीमीटर प्रति वर्ष दर्ज की गई, जबकि बेंगलुरु में यह दर 6.7 मिलीमीटर प्रति वर्ष देखी गई। अध्ययन के दौरान शहर के भीतर भू–धंसाव वाले स्थानों की भी पहचान की गई है, दिल्ली–एनसीआर में बिजवासन, फरीदाबाद और गाजियाबाद में क्रमशः 28.5 मिलीमीटर प्रति वर्ष, 38.2 मिलीमीटर प्रति वर्ष और 20.7 मिलीमीटर प्रति वर्ष भू–धंसाव होने का अनुमान है। अनुसंधानकर्ताओं ने शहरी क्षेत्रों में भी स्थानीय स्तर पर भू धंसाव में वृद्धि देखी गई। उदाहरण के लिए दिल्ली–एनसीआर में द्वारका के निकट,प्रति वर्ष 15 मिलीमीटर से अधिक की दर से भू धंसाव हो रहा है। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि चेन्नई में, सबसे तेज भू–धंसाव दर अडियार नदी के आसपास के बाढ़ के मैदानों और शहर के केंद्रीय इलाके में देखी गई, जिनमें वलसरवक्कम, कोडम्बक्कम, अलंदूर और टोंडियारपेट शामिल हैं।



## परदेश में जलालत झेलती देश की जवानी

अमानवीयता की हद पार करती अमेरिका इमिग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट एजेंसी के संवेदनहीन तौर-तरीकों का त्रास झेलते 54 हरियाणवी युवा शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरे। सुनहरे सपनों की आस लिए अमेरिका गए इन युवाओं ने जिन त्रासदियों का सामना किया, वो उन युवाओं के लिये सबक भी है, जो अपनी योग्यता व क्षमता का मूल्यांकन किए बिना बस विदेश जाने की धुन में लगे रहते हैं। निस्संदेह, इन युवाओं ने बेहतर भविष्य के लिये रिस्क लेने का जज्बा तो दिखाया, लेकिन एजेंटों के छलावे के चलते डंकी रूट पर फिसल गए। इन युवाओं को इस बात का भान नहीं रहा कि घोर दक्षिणपंथी रुझान वाले ट्रंप के शासन में प्रवासियों के साथ कैसी क्रूरता व भेदभाव किया जा रहा है। जिसके चलते उनके साथ अमेरिका में अपराधियों जैसा सुलूक किया है। उन्हें जेल और अपराधियों के लिये बने कैंपों में रखा गया। युवाओं ने आरोप लगाया कि जेलों में गर्मी में हीटर और सर्दी में एसी चलाकर रखा जाता था। शाकाहारियों को मांस दिया जाता था और न खाने पर सिर्फ सूखी रोटी। खेत बेचकर-कर्ज लेकर उज्ज्वल भविष्य के लिये अमेरिका गए युवा अपराधियों की तरह स्वदेश लौटे। समाचार माध्यमों में प्रकाशित चित्रों में इन हताश युवाओं को अपराधबोध से ग्रसित देखा गया। विडंबना देखिए कि कई युवा अपना खेत बेचकर और चालीस-पचास लाख एजेंट को देकर विदेश गए, लेकिन डंकी रूट में धकेल दिए गए। उस खतरनाक रास्ते पर जहां हर पल मौत का खतरा बना रहता है। परिवार वालों को इस बात का सुकून जरूर होगा कि कम से कम उनके बच्चे सकुशल तो घर लौट आए है। वो बात अलग है कि इन युवाओं को अपने असफल प्रयास का मलाल जीवनपर्यंत सालता रहेगा। कुछ युवा इससे अवसादग्रस्त हो सकते हैं। कुछ हताश युवा भटकाव की राह में गुजर सकते हैं। निश्चय ही यह घटनाक्रम इन युवाओं के लिये एक त्रासदी से कम नहीं रहेगा। सुखमय जीवन की आस ने नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिया। वे बेड़ियों में देश लौटे।

बहरहाल, इन युवाओं की अपमानजनक वापसी कई ज्वलंत सवालों को भी जन्म देती है। यह हमारी नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार काम नहीं दे पा रहे हैं। हम कहते नहीं थकते कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। सवाल यह है कि इस युवा शक्ति को दिशा देने के लिये हमने क्या किया? तमाम प्रलोभन व लोकलुभावने वादे करने वाले राजनीतिक दलों की प्राथमिकता युवाओं को रोजगार देना क्यों नहीं होती? सिर्फ चुनाव आने पर करोड़ों रोजगार देने के वादे तो किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बावजूद वे पूरे नहीं होते। दोष हमारी शिक्षा व्यवस्था का भी है जो डिग्री तो देती है, लेकिन रोजगार की गारंटी नहीं देती। दोष हमारी युवा पीढ़ी की उस मानसिकता का भी है जो सिर्फ नौकरी और उसमें भी सरकारी नौकरी को प्राथमिकता देती है। निजी क्षेत्र भी सिर्फ मुनाफे को प्राथमिकता देता है और तकनीक के जरिये रोजगार के अवसरों में कटौती को प्राथमिकता देता है। ऐसे देश में, जहां आबादी आज दुनिया में सबसे ज्यादा है, हमें श्रम प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता देनी चाहिए। जिसमें अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। कायदे से देश में बेरोजगारी का ग्राफ देखते आने वाले दशकों के लिये रोजगार का रोडमैप बनना चाहिए। लेकिन सत्ता भी सस्ती लोकप्रियता वाले कामों के जरिये अपना वोट बैंक सुधारने में लगी रहती है। यहां सवाल युवाओं व अभिभावकों की सोच का भी है, जो खेत बेचकर बेटे को विदेश भेजने की फिराक में रहते हैं। जितना पैसा उन्होंने विदेश भेजने वाले एजेंटों को दिया, उसमें क्या वे स्वरोजगार नहीं कर सकते थे? माना कि आज खेती-किसानी युवाओं को नहीं लुभाती, लेकिन वे इस खेत पर गैर परंपरागत खेती व फल-फूल आदि नकदी फसलों के विकल्प तो तलाश सकते हैं। सवाल हमारी प्रवर्तन एजेंसियों पर है कि क्यों युवाओं को विदेश भेजने वाले एजेंटों पर कार्रवाई नहीं करती, जो लाखों रुपये लूटकर इन्हें नर्क में धकेल देते हैं। वापस आए इन युवाओं के जरिये उन तक पहुंचा जा सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 अक्टूबर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष सप्तमी, 09:20 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 17:16 तक, योग : धृति, 07:46 तक, सूर्योदय: 05:39, सूर्यास्त: 17:02, चन्द्रोदय : 12:05, चन्द्रास्त: 23:06, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 11:20 से 12:44

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को आज प्रॉपर्टी से जुड़े कार्यों में लाभ मिलता दिख रहा है। जमीन-जायदाद में निवेश पर अच्छा मुनाफा हो सकता है। सामाजिक स्तर पर आपका मान बढ़ेगा।

**वृष :** आज का दिन वृषभ राशि वालों को उत्साह और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। राशि स्वामी शुक्र शुभ फल दे रहे हैं, जिससे भाग्य का साथ मिलेगा। कामकाज में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन :** आज आपको अपने व्यवहार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी बात को बिना सोचे समझे कहना गलतफहमी पैदा कर सकता है। कार्यस्थल पर संयम और धैर्य बनाए रखें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन थोड़ा परेशान करने वाला है। आज परिवार के छोटे सदस्यों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मेहनत का सीधा लाभ मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन परोपकार और धार्मिक कार्यों में बीतेगा। समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। आपके दयालु और नेतृत्व क्षमता की आज सराहना होगी।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों का आज भाग्य पूरा साथ देगा। इस दौरान लंबे समय से चली आ रही परेशानियां भी दूर होंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी सूझबूझ और कार्यकुशलता की प्रशंसा होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए आज शिक्षा और ज्ञान में उन्नति का दिन है। नई स्किल सीखने के लिए अच्छा दिन है। करियर में परिवर्तन के अवसर मिलते हुए दिख रहे हैं।

**वृश्चिक :** आज आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। वृश्चिक राशि वालों के खर्चे बढ़ने की संभावना है। अधिक जिम्मेदारियों के कारण तनाव महसूस हो सकता है।

**धनु :** गुरु की कृपा से धनु राशि के जातकों का भाग्य मजबूत रहेगा। इस दौरान आपके रुके कार्य पूरे होंगे। करियर में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिल सकती है। पारिवारिक जीवन सामंजस्यपूर्ण रहेगा।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए आज धन लाभ के शुभ योग बन रहे हैं। पूर्वजों की वित्तीय से लाभ मिलने की संभावना है। ज्योतिष की ओर आपका रुझान बढ़ेगा।

**कुम्भ :** आज आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं। कुंभ राशि के लोगों की योजनाएं आज सफल होंगी और व्यापार में लाभ मिलेगा। नए लोगों से जुड़ाव फायदेमंद साबित होगा।

**मीन :** आज आपकी संपत्ति और धन में वृद्धि के शुभ संकेत नजर आ रहे हैं। मीन राशि वालों को आज ननिहाल पक्ष से सम्मान और सहयोग प्राप्त होगा। ऐसे में संयम बनाए रखें और शांत रहें।

# गोपाष्टमी का उद्देश्य गौ प्रेम, गौ संरक्षण और गौ संवर्द्धन



अशोक प्रवृद्ध

षोडश कलायुक्त योगीश्वर श्रीकृष्ण के गौ प्रेमी रूप से सभी परिचित हैं। श्रीकृष्ण से संबंधित अनेक पौराणिक कथाएं व प्रसंग उनके गौ प्रेम, गौ संरक्षक, गौ संवर्द्धक रूप को प्रदर्शित करती हैं। गौ माता की महता, आवश्यकता व उपयोगिता को रेखांकित करती हैं, और कहती हैं कि श्रीकृष्ण ने गौ और गोपालकों के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। गौ माता की रक्षा करने के कारण ही श्रीकृष्ण का गोविन्द नाम पड़ा। श्रीकृष्ण का यह नाम कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को मनाई जाने वाली गोवर्द्धन पूजा से संबंधित है। कथा के अनुसार अपनी पूजा बंद कर दिए जाने से कुपित इंद्र ने ब्रज में जलप्रलय ला दिया, तो श्रीकृष्ण ने कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से सप्तमी तक ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्द्धन पर्वत को धारण कर लिया, और ब्रज के गो, गोप और गोपिनियों को बचाया। पराजित होकर इंद्र आठवें दिन श्रीकृष्ण की शरण में आये और अहंकार रहित होकर उनसे संधि कर ली। इंद्र के कामधेनु ने श्रीकृष्ण का अभिषेक किया और उसी दिन से श्रीकृष्ण का नाम गोविन्द पड़ा। उसी समय से कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन गौ रक्षा का संकल्प लिया जाता है, गो से संबंधित भांति- भांति के आयोजन किये जाते हैं, विविध समारोहों के मध्य विधि- विधान पूर्वक बछड़े सहित गाय का पूजन किया जाता है।

मान्यतानुसार कार्तिक शुक्ल अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने गौचारण लीला आरंभ की थी। कथा के अनुसार श्रीकृष्ण जब छः वर्ष के हुए, तो उन्होंने एक दिन माता यशोदा से अपने बड़े होने की घोषणा करते हुए कहा कि अब हम बछड़े चराने नहीं जायेंगे, बल्कि गाय चराने जायेंगे। बालक श्रीकृष्ण के मुख से यह सुन माता यशोदा ने ठुनकते हुए कहा कि ठीक है बाबा से पूछ लेना। माता के मुख से यह निकलते ही श्रीकृष्ण बाबा नंद से गाय चराने के लिए अनुमति लेने पहुंच गए। श्रीकृष्ण की बात सुन नंद ने उनके अभी छोटे होने से बछड़े चराने के लिए कहा, तो श्रीकृष्ण अपनी बाल सुलभ जिद्द पर अड़े रहे, और कहा कि अब मैं बछड़े नहीं, बल्कि गाय ही चराऊंगा। श्रीकृष्ण के बहुत अनुनय-विनय के बाद नंद बाबा इस बात पर सहमत हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण से कहा कि ठीक है, पहले तुम गोचारण का मुहूर्त देखने के लिए विद्वान पंडित को बुला लाओ। श्रीकृष्ण उसी समय पंडित जी के घर पहुंच गए और कहा कि बाबा ने आपको गौचारण का मुहूर्त देखने के लिए बुलाया है। बाबा के पूछने पर आप आज ही का मुहूर्त बता देना मैं आपको बहुत सारा माखन दूंगा। ब्राह्मण महोदय नंद गृह पहुंचे और बार-बार पंचांग देख कर गौचारण मुहूर्त का गणना करने लगे। यह देख नंद ने पंडित जी से पूछा कि आप बार-बार यह क्या गिन रहे हैं? इस पर पंडित ने कहा- क्या बताएं? सभी गणनाओं में केवल आज का ही मुहूर्त निकल रहा है, इसके बाद तो एक वर्ष तक कोई मुहूर्त ही नहीं है। पंडित की यह बात सुन कर नंद ने श्रीकृष्ण को गौ चारण की स्वीकृति दे दी। वह शुभ तिथि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष अष्टमी की थी। श्रीकृष्ण ने उसी दिन से गौ चारण आरंभ किया। श्रीकृष्ण के गौचारण आरम्भ करने के कारण अष्टमी की यह तिथि गोपाष्टमी कहलाई।




श्रीकृष्ण के गौचारण प्रारंभ की कथा के अनुसार गौ चारण के लिए जाने के समय माता यशोदा ने अपने लल्ला का श्रृंगार किया और जुते पहनाने लगी तो श्रीकृष्ण ने मना करते हुए कहा कि मैय्या यदि मेरी गौएं जूतियां नहीं पहनती तो में कैसे पहन सकता हूं। यदि पहना सकती हो तो उन सभी को भी जूतियां पहना दो। कहा जाता है कि श्रीकृष्ण जब तक वृन्दावन में रहे, उन्होंने कभी पैरों में जूतियां नहीं पहनी। आगे-आगे गाय और उनके पीछे बांसुरी बजाते श्रीकृष्ण उनके पीछे बलराम और श्रीकृष्ण के यश का गान करते हुए ग्वाल-गोपाल इस प्रकार से विहार करते हुए श्रीकृष्ण ने उस वन में प्रवेश किया तब से श्रीकृष्ण की गौचारण लीला का आरंभ हुआ। श्रीकृष्ण के गौएं चराते हुए वृन्दावन जाते समय उनके चरणों से वृन्दावन की भूमि अत्यन्त पावन हो जाती, वह वन गौओं के लिए हरी-भरी घास से युक्त एवं रंग-बिरंगे पुष्पों की खान बन गया था।

उल्लेखनीय है कि गौ का तात्पर्य गौ माता के साथ ही इंद्रियों और चंद्रमा भी से है। गोवर्धन का तात्पर्य गौ माता के गोबर से है। गौ माता का गोबर एवं मूत्र अत्यंत मूल्यवान होता है। गौ माता आनंद की देने वाली होती है। गौमाता दूध प्रदान करती है, जो अमृत के समान होता है। गौ दूध निरोग बनाता है। गौ माता का घृत पुष्ट एवं बलवान बनाता है। गौमाता को धेनु भी कहा जाता है। धेनु अर्थात धन की वर्षा करने वाली। गौ माता के गोबर, मूत्र, घी तथा बछड़े पैदा करके फसल उत्पन्न करने से देश की संपदा तथा उन्नति में वृद्धि करने में सहायता मिलती है। गाय से प्राप्त होने वाली गोबर एक प्रकार का धन है, जो फसल और वनस्पति को उत्पन्न करने, फल- फूल प्रदान करने में अति सहायक है। इसलिए गायों का पालन - पोषण, परिवर्द्धन, संवर्द्धन, संरक्षण करना मनुष्य का प्रथम पावन व राष्ट्रीय उत्तरदायित्व बन जाता है। गायों का भिन्न - भिन्न प्रकार से संवर्द्धन, परिवर्द्धन, संरक्षण करना ही गोवर्धन है। गाय की वृद्धि करनी ही वास्तव में यज्ञ, हवन है। श्रीकृष्ण का पालन- पोषण नौ लाख गाय के स्वामी नंद बाबा के घर में हुआ था, और वे स्वयं आजीवन गौ व गोपालक के संरक्षक बने रहे। उल्लेखनीय है कि नंद उसे कहते हैं, जिसके पास कम से कम नौ लाख गाय होती हो। नंद के पास नौ लाख गायें थी, जिसकी वे सेवा- सुश्रुषा किया करते थे। इसीलिए उन्हें नंद की उपाधि मिली थी। श्रीकृष्ण स्वयं महान गौ भक्त थे।

वाल्मीकि रामायण में महाराजा जनक के राज्य में गोमेध यज्ञ अर्थात याग अनेक बार आयोजित किए जाने के विवरण अंकित हैं। राजा जनक को देव पूजन की प्रेरणा गोमेध याग से ही प्राप्त हुई थी। महर्षि पिप्पलाद के आश्रम में गोमेध याग अनेक बार संपन्न किये जाने की कथा मिलती है। ऋषि आश्रमों में भी गोपालन किया जाता था। वशिष्ठ मुनि और माता अरुंधति के द्वार पर भी कामधेनु थी। कामधेनु अर्थात जो मानव की कामनाओं की पूर्ति कर दे। वशिष्ठ को यह गौ कामधेनु इंद्र से प्राप्त हुई है। परमात्मा की उपासना से यह कामधेनु प्राप्त हुई थी, वह मन की कामनाओं की पूर्ति करने वाली थी। प्राचीन काल से ही गौ नामक विद्या भी प्रचलित है। गौ नाम पशुओं का भी होता है। मन की कामनाओं की पूर्ति करने वाली विद्या योग विद्या कहलाती है। उसको कामधेनु कहते हैं। ध्यातव्य है कि मनुष्य का मन बछड़े की भांति चंचल होता है। गौ नाम आत्मा का है, और उसका पुत्रवत बछड़ा मन है। मन अर्थात मन रूपी बछड़े को मार कर अर्थात उस पर नियंत्रण करके कोई भी कार्य करना उत्तम माना गया है। गोवर्धन का दार्शनिक रूप, आध्यात्मिक रूप मन का नियंत्रण ही है। गौ चंद्रमा को भी कहते हैं। चंद्रमा की आभा, कांति और शीतलता अत्यंत शुद्ध होती है। चंद्रमा की इसी कांति में लगभग 101 व्याहृतियां होती हैं, और यह जहां-जहां गमन करती हैं, जिस -जिस तत्व पर, जिस धातु पर पड़ती हैं, उन स्थान, तत्वों, धातुओं को वह कांति दायक बनाती है। इससे ही विष, स्वर्ण आदि बनते हैं। चंद्रमा को गौतम भी कहते हैं। क्योंकि यह अंधकार को शीतलता पूर्वक हरने वाली होती है, अथवा दूर करने वाली होती है। वह शीतलता और अमृत प्रदान करता है। बच्चे के माता के गर्भस्थल में प्रविष्ट रहने के समय माता के निचले विभाग में एक त्रिधित नाम की नाड़ी होती है, उसके द्वारा चंद्रमा की कांति नाड़ियों में रमण करती हुई प्राणोमय कोष में जाती हैं। माता के द्वारा बालक को मिलने वाली प्राण सत्ता में मिश्रित हो करके उस बालक को अमृत प्रदान करती है। वस्तुतः यह श्रीकृष्ण सरीखे सोलह कलाओं के मर्मज्ञ योगीश्वर महापुरुष के वश की ही बात है कि अपने जीवन चरित से गौ के इन तीन स्वरूपों - गोवर्धन स्वरूप गौ संरक्षण की शिक्षा, योगाधिपति शिव सम इन्द्रिय व मन पर नियंत्रण का योग और मनुष्यों में चंद्रमा सी आभा, कांति व शीतलता उत्पन्न करने की प्रेरणा जगा सके।

# एसआईआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं, स्वागत हो



ललित गर्ग

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके। आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज़ के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी।

निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है।

मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा।

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव आयोग सुधारात्मक कदम उठाता है, तो विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। परंतु लोकतंत्र का स्वास्थ्य तब ही सुदृढ़ होगा जब सभी दल 'पारदर्शिता' को 'राजनीतिक लाभ-हानि' से ऊपर रखेंगे। विपक्ष को चाहिए कि वह इस पहल का विरोध करने की बजाय स्वागत करे और इसे सही दिशा में लागू कराने में सहयोग दे, न कि शंका और अविश्वास के चश्मे से देखे। बहरहाल, राजनीतिक पार्टियों की यह महती जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ दोषारोपण करने तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इसी तरह, नागरिक संगठनों के लिए भी यह सक्रिय होने का समय है। उनकी निगरानी बीएलए के काम को अधिक सरल व सटीक बना सकती है। कुल मिलाकर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना दिखाने वाले चुनाव आयोग के सामने अभी अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी को ही निर्विवाद रूप से पूरा करने की चुनौती है।

डिजिटल युग में चुनाव सुधार केवल मानव संसाधन या प्रशासनिक इच्छाशक्ति का नहीं, बल्कि तकनीकी पारदर्शिता का भी प्रश्न है। बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन नामांकन और डेटा क्रॉस-वेरिफिकेशन जैसे उपाय अब आवश्यक हो चुके हैं। विशेष ग्रहण पुनरीक्षण इस दिशा में आधारभूत कार्य करेगा यानी चुनावी डाटा की सफाई और पुनर्गठन। भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास के रूप में जानी जाती है। लेकिन यह गौरव तभी सार्थक होगा जब मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की निष्पक्षता और आचार संहिता के पालन में कोई संदेह न रहे। चुनाव आयोग की यह पहल उसी लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम है। लोकतंत्र केवल मतों की गिनती नहीं, बल्कि विश्वास की गिनती है और यह विश्वास चुनाव आयोग की ईमानदारी, पारदर्शिता और सक्रियता पर टिका है। जन-प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 21 चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और उनको संशोधित करने का अधिकार देती है। मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार ही नहीं, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की अनिवार्य आवश्यकता भी है। विडंबना यह है कि कुछ दलों को इस आवश्यकता की पूर्ति किया जाना रास नहीं आ रहा है। उन्होंने बिहार में एसआईआर को लेकर आसमान सिर पर उठाया और वोट चोरी के जुमले के सहारे सड़कों पर उतरने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। मगर उनकी दाल न सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गली और न ही बिहार की जनता के बीच तो इसीलिए कि वे कोरा दुष्प्रचार कर रहे थे।

ज्ञानेश कुमार की यह पहल केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति में नवीनीकरण का संदेश है। चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा भी है। यदि यह अभियान ईमानदारी और जनसहभागिता के साथ पूरा होता है, तो यह भारत के लोकतंत्र को और परिपक्व बनाएगा। अब जिम्मेदारी केवल चुनाव आयोग की नहीं, बल्कि हर नागरिक और राजनीतिक दल की भी है कि वे इस सुधारात्मक पहल का स्वागत करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को निष्कलंक बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। क्या यह विचित्र नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों की शिकायत भी करते हैं और उनके पुनरीक्षण का विरोध भी? हालांकि उनके दुष्प्रचार की पोल खुल चुकी है, फिर भी चुनाव आयोग को इसके लिए तैयार रहना होगा कि विपक्ष शासित राज्य एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर सकते हैं। उसे इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि मतदाता सूचियों को ठीक करने की प्रक्रिया में किसी तरह की गलती न होने पाए, क्योंकि विपक्षी दल छोटी-छोटी बातों को तूल देकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को श्रीहीन करने की चेष्टा कर सकते हैं।


-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### केन्या के तटीय क्षेत्र क्वाले में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 11 लोगों की मौत

**नैरोबी :** केन्या के तटीय क्षेत्र क्वाले में मंगलवार तड़के एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में अधिकांश विदेशी पर्यटक शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, विमान 'मसाई मारा राष्ट्रीय अभयारण्य' जाते समय हादसे का शिकार हुआ। यह अभयारण्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। विमानन कंपनी 'मोम्बासा एयर सफारी' ने एक बयान में कहा कि विमान में सवार जिन 11 लोगों की मौत हो गई, उनमें हंगरी के आठ व्यक्ति और दो जर्मन नागरिकों के अलावा केन्या निवासी एक पायलट शामिल है। बयान के अनुसार, दुर्घटना डायनी हवाई पट्टी से लगभग 40 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी वन क्षेत्र में हुई। विमानन कंपनी ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि विमान ने डायनी हवाई पट्टी से किस समय उड़ान भरी थी। उसने कहा कि उड़ान के समय पायलट संपर्क करने में विफल रहा और हवाई अड्डे के नियंत्रण टावर ने विमान का पता लगने से 30 मिनट पहले तक उससे संपर्क करने की कोशिश की थी। क्वाले काउंटी के आयुक्त स्टीफन ओरिंडे ने समाचार एजेंसी 'एपी' को बताया कि जांच एजेंसियां स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े पांच बजे हुई दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही हैं। उस समय तटीय केन्या में भारी बारिश हो रही थी।इसके पहले, केन्या के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा था कि विमान में 12 लोग सवार थे। डायनी से समुद्र तट के पश्चिम में स्थित मासाई मारा राष्ट्रीय अभयारण्य तक विमान से पहुंचने में दो घंटे का समय लगता है।

## वर्ग पहेली नं. 3247



*ऊपर से नीचे:-* 1) खलबली, 2) तीर, 3) इज़्ज़त; शीर्षक, 4) या, 5) क़ैद, 6) नाखून, 7) अकड़ाहट, 9) ठहरना, 12) स्वादिष्ट, 15) एक भाषा, 16) एक पर्वत, 17) शपथ-पत्र, 19) चौथाई अंश, 20) अप्रभावित, 24) आकर्षक, 27) फ़ायदा, 29) धब्बा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) ललचाना, 4) बेशुमार, 8) भैंसा, 10) टिकाना, 11) उत्साह; लालसा, 13) अफ़वाह; वायु, 14) मौलवी, 15) रोका गया, 16) रसेदार भाजी गाढ़ी करनेवाला आटा या बेसन, 18) अपमानित, 19) एक वृक्ष, 21) ख़ानाबदोश, 22) नक़ली, 23) मूल्यवान, 25) चूड़ा, 26) धावा, 28) स्त्रीलिंगीय सजीव, 30) कलाप्रेमी, 31) बिफरना.

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3204

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 4 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | 7 | | 6 | | | 3 | |
| | 1 | 9 | | | 2 | 5 | | |
| | | 6 | | 4 | | | | |
| | | | | | 6 | | | |
| 5 | | | 9 | | | 2 | | 8 |
| 3 | 7 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3203 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |

# सीएम भजनलाल ने कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट में की शिरकत, प्रवासियों और निवेशकों को निवेश के लिए किया आमंत्रित



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट के दौरान माइंस और मिनरल्स, केमिकल्स, टेक्सटाइल एवं होजरी, आईटी और शेखावाटी हवेली पर केंद्रित सेक्टोरल राउंडटेबल की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य के बारे में उद्यमियों, निवेशकों और प्रवासी राजस्थानियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। शर्मा ने माइंस एंड मिनरल्स सेक्टोरल राउंड टेबल में चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में खनिज और संगमरमर के प्रचुर भंडार के साथ-साथ राजस्थान जस्ता, सीसा और चूना पत्थर का अग्रणी उत्पादक राज्य भी है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों और निवेशकों को खनिज प्रसंस्करण, डाउनस्ट्रीम उद्योगों और सस्टेनेबल माइनिंग में अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। शर्मा ने राजस्थान खनिज नीति-2024, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति-2024 (रिप्स-2024) और राजनिवेश सिंगल-विंडो प्रणाली जैसी नीतियों की जानकारी भी दी जिनके माध्यम से इन सेक्टर्स में प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालोतरा के सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में महत्वपूर्ण रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) के भंडार की खोज के साथ प्रदेश औद्योगिक विकास के एक नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। यह भारत का पहला हार्ड रॉक आरईई ब्लॉक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह खोज आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यहां मिलने वाले 17 खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों और उच्च तकनीक निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन संसाधनों का दोहन करने के लिए, राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप एक एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की योजना भी बना रही है। मुख्यमंत्री ने केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल उद्योगों की बढ़ती संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए राजस्थान का दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और दिल्ली-एनसीआर से मजबूत कनेक्टिविटी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ऐसे नए अवसर पैदा करना है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही इसकी विरासत को संरक्षित करें और सतत विकास को बढ़ावा भी दें। उन्होंने कहा कि बालोतरा में शुरू होने जा रही पेट्रोलियम रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स से राज्य एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि एचपीसीएल, वेदांता, हिंदुस्तान जिंक, चंबल फर्टिलाइजर्स और दीपक नाइट्राइट जैसी अग्रणी कम्पनियां प्रदेश में काम कर रही हैं और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और नीतियों के साथ एक अग्रणी आईटी केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर और जोधपुर में भारत का सबसे बड़ा सरकारी डेटा सेंटर संचालित है, जो राजस्वान नेटवर्क और ई-मित्र प्लेटफॉर्म के माध्यम से 600 से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराता है।

## प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में राजस्थान के लोक कलाकारों को प्रमुखता देने की मांग उठी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजस्थान फोरम कोलकाता चैप्टर के संस्थापक सचिव और प्रसिद्ध संस्कृति विद संदीप भूतोड़िया ने कहा है कि आगामी दिसंबर महीने में जयपुर में आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में राजस्थान के लोक कलाकारों को प्रमुखता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अवसर प्रवासी राजस्थानियों को अपने राज्य की लोकसंस्कृति - संगीत, नृत्य और लोककला - की समृद्ध विरासत से जोड़ने का एक अनूठा माध्यम है। श्री भूतोड़िया ने बताया कि गत वर्ष आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में राजस्थान के बाहर के कलाकारों को प्राथमिकता दी गई थी, जो स्थानीय लोक कलाकारों के साथ न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब बंगाल या अन्य राज्यों में इस प्रकार के विशेष अथवा सरकारी आयोजन होते हैं, तो वहां के स्थानीय लोक कलाकारों और उनकी कलाओं को सदैव मंच पर प्रमुखता दी जाती है। उन्होंने राजस्थान सरकार से आग्रह किया कि इस वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन में राज्य के लोक कलाकारों को अग्रणी भूमिका दी जाए, ताकि वे अपनी कला का प्रदर्शन प्रवासी समुदाय के समक्ष कर सकें। श्री भूतोड़िया ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा, मेरा राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन है कि वे इस दिशा में ध्यान दें और राजस्थान की समृद्ध लोककलाओं व कलाकारों को प्रोत्साहन देकर प्रवासी राजस्थानियों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करें।

## तेरापंथ धर्मसंघ के लिए सात्विक गौरव के पल: कोलकाता में दुगड़ परिवार का सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट 2025 के अवसर पर दुगड़ परिवार को उनके समर्पण, सेवाभाव और समाजसेवा के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यह भव्य कार्यक्रम राजस्थान सरकार एवं राजस्थान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कोलकाता के प्रतिष्ठित होटल आईटीसी सोनार बांग्ला में आयोजित किया गया। इस समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, आईएएस अधिकारी मनीषा अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और स्वैच्छिक सेवाओं के लिए दुगड़ परिवार को विशेष सम्मानित किया गया, जिसे परिवार की ओर से तुलसी कुमार दुगड़ ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानियों के उद्योग, शिक्षा, समाजसेवा और सांस्कृतिक योगदानों की सराहना की गई। राजस्थान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह आयोजन प्रवासी समाज की उपलब्धियों को उजागर करने और सामाजिक सहभागिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक सतत प्रयास है। इस अवसर पर कोलकाता के प्रतिष्ठित उद्योगपति शाश्वत गोयनका, उमेश चौधरी, हरि मोहन बांगड़, एच.पी. बुधिया और महेंद्र जालान सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। दुगड़ परिवार की मानवता और निःस्वार्थ सेवा की प्रतिबद्धता केवल परिवार का गौरव नहीं, बल्कि राष्ट्र के सात्विक मूल्यों और सेवा परंपरा का प्रतीक है। उनका यह सम्मान समाज में सेवा, त्याग और संस्कार की परंपरा को प्रेरणा देने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ।

### ह्युंडई मोटर इंडिया ने पेश की ऑल-न्यू वेन्यू, शुरू हुई बुकिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी ऑल-न्यू ह्युंडई वेन्यू का अनावरण किया और बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, नई वेन्यू को टेक अप, गो बियॉन्ड की सोच के साथ डिजाइन किया गया है। यह मॉडल पहले से टॉलर, वाइडर और लॉन्गर व्हीलबेस के साथ आता है, जिससे इसे सड़क पर अधिक दमदार एसयूवी प्रजेंस मिलती है। नई वेन्यू में डुअल 12.3 इंच कर्व्ड पैनोरमिक डिस्प्ले, डार्क नैवी एवं डव ग्रे इंटीरियर, रियर एसी वेंट, और वेन्यू ब्रांडिंग वाली लेदर सीटें दी गई हैं। तीन इंजन विकल्प - 1.2 लीटर, 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.5 लीटर डीजल - के साथ यह मॉडल मैनुअल, ऑटोमैटिक और डीसीटी ट्रांसमिशन में उपलब्ध होगा।

## कलकत्ता टेक्सटाइल एजेंट्स एसोसिएशन का दीपावली प्रीति सम्मेलन




**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता टेक्सटाइल एजेंट्स एसोसिएशन द्वारा वार्षिक दीपावली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सोमवार को चेंबर सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर सम्मेलन की अध्यक्षता आनंद झुनझुनवाला ने की, जबकि ललित कुमार सिंघी ने सचिवीय कर्तव्यों का निर्वहन किया। समारोह में विभिन्न गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। विशेष रूप से 42 नं. वार्ड के पार्षद महेश शर्मा, महेंद्र जैन (अध्यक्ष कोट्टी), देवेंद्र जैन (सचिव कोट्टी) और अरविंद बिहानी (स्काईकिंग) अरविंद सिंह ने अपने विचार साझा किए और उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया।

### कोलकाता में ऑयलर मोटर्स ने लॉन्च किया टर्बो ईवी 1000, दुनिया का पहला 1 टन इलेक्ट्रिक मिनी ट्रक

**कोलकाता, समाज्ञा :** इलेक्ट्रिक कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट की अग्रणी कंपनी ऑयलर मोटर्स ने कोलकाता में अपना नया मॉडल टर्बो ईवी 1000 लॉन्च किया, जो दुनिया का पहला 1 टन इलेक्ट्रिक मिनी ट्रक है। 5.99 लाख (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत के साथ यह वाहन 140-170 किमी की रियल रेंज और 1.15 लाख तक की सालाना बचत प्रदान करता है। लॉन्च के अवसर पर ऑयलर मोटर्स के संस्थापक एवं सीईओ सौरव कुमार ने कहा कि कोलकाता की तेजी से बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियां और राज्य की ईवी नीति इस वाहन के लिए आदर्श बाजार हैं। प्रदर्शन, टिकाऊपन और किफायत का संगम बनकर टर्बो ईवी 1000 छोटे फ्लीट मालिकों के लिए लाभप्रद और पर्यावरण-अनुकूल समाधान सिद्ध होगा।



**मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक शुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने मंगलवार को मेट्रो रेल भवन में वरिष्ठ मेट्रो रेल और आरवीएनएल अधिकारियों की उपस्थिति में 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' शीर्षक वाली पुस्तिका का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम स्वच्छोत्सव और स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत आयोजित किया गया।**

## खण्डेलवाल वैश्य समाज का दीपावली सम्मेलन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** खण्डेलवाल वैश्य समाज कोलकाता एवं रिसड़ा आंचलिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में इस बार दीपावली प्रीति सम्मेलन का आयोजन बेलूर स्थित रंगोली माल के बीका बैंक्वेट में किया गया। अध्यक्ष द्वय सीताराम रावत व राम प्रसाद तमोलिया ने स्वागत सम्बोधन किया एवं सचिव द्वय वैभव ताम्बी एवं श्याम सोंखिया ने संगठन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। महासभा संरक्षक एवं धर्मादा ट्रस्ट के ट्रस्टी सुभाष बम्ब ने समाज भवन निर्माण की प्रगति एवं अन्य सेवाओं की चर्चा की। समारोह के प्रधान अतिथि मुम्बई से पधारे विशिष्ट शिक्षाविद अंजन खण्डेलवाल ने समाज के कोलकाता छात्रावास में पढ़ने के संस्मरण को यादगार बताया एवं उदारतापूर्वक एक मुश्त आर्थिक सहयोग प्रदान किया। लड्डुगोपाल खूंटेटा, कृष्ण कुमार खण्डेलवाल, शंकर खूंटेटा, अरविंद डंगायच, गोपाल सहारिया एवं वरिष्ठजनों के मार्ग दर्शन में कार्यकारिणी सदस्यों व महिला समिति सदस्याओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। वरिष्ठ सदस्य महाबीर प्रसाद रावत ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। रामकिशन खूंटेटा, विठ्ठल जसोरिया, कमल आमेरिया, राजेन्द्र घीया, रमेश दुसाद, बिमल जसोरिया, सुनील मेठी, नीरज जसोरिया, अविनाश घीया, रविन्द्र डंगायच, साकेत दुसाद, सुरेश कायथवाल, घनश्याम टटार, पंकज खूंटेटा, बिमल आमेरिया आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रचारक उत्तम माईती की सेवाओं की भी सराहना की गई।

### जरीन दारूवाला बनीं पीएल कैपिटल की ग्रुप सीईओ

**कोलकाता, समाज्ञा :** पीएल कैपिटल (प्रभुदास लीलाधर ग्रुप) ने जरीन दारूवाला को ग्रुप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति 13 अक्टूबर से प्रभावी हुई है। बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में 35 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, जरीन दारूवाला उद्योग की एक जानी-मानी हस्ती हैं। अमिषा वोरा, ओनर, चेयरपर्सन एवं प्रबंध निदेशक, पीएल कैपिटल ने कहा कि जरीन की नियुक्ति हमारे लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। जरीन दारूवाला, ग्रुप सीईओ, पीएल कैपिटल ने कहा कि पीएल कैपिटल जैसे मजबूत और भविष्यमुखी संगठन से जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस समूह की गहरी बाजार समझ, मजबूत नींव और 'क्लाइंट-फर्स्ट' सोच इसे औरों से अलग बनाती है।

## हावड़ा मंडल में सत्यनिष्ठा की शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 27 अक्टूबर को 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025' का झील साइडिंग कोचिंग डिपो में शुभारंभ हुआ। जहां हावड़ा के डीआरएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा की शपथ' दिलाई। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी, पर्यवेक्षक और कोचिंग डिपो के कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए तथा भ्रष्टाचार-मुक्त कार्य संस्कृति और जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अगले दिन, 28 अक्टूबर 2025 को कार्मिक विभाग, हावड़ा मंडल द्वारा न्यू डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा के प्रांगण में एक और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर हावड़ा के डीआरएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और सभी ने कार्य के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हावड़ा मंडल द्वारा सप्ताह भर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार, सत्यनिष्ठा अभियानों और जनसंपर्क पहलों का आयोजन किया जाएगा।

### जगद्धात्री पूजा के लिए कृष्णनगर और राणाघाट के बीच चलेगी एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** जगद्धात्री पूजा के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा कृष्णानगर और राणाघाट के बीच एक जोड़ी ईएमयू विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। यह विशेष ट्रेन 30/31 अक्टूबर 2025 तथा 31 अक्टूबर/1 नवंबर 2025 की रात को चलेगी। ट्रेन मार्ग में सभी फ्लैग और हॉल्ट स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे स्थानीय यात्रियों को सुविधा मिल सके। इस विशेष सेवा के तहत ईएमयू ट्रेन राणाघाट से रात 23:45 बजे और कृष्णानगर से रात 00:30 बजे प्रस्थान करेगी। पूर्व रेलवे ने यात्रियों से विशेष ट्रेनों का उपयोग कर सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा करने की अपील की है।

## हावड़ा मंडल में 'अमृत संवाद' के साथ विशेष अभियान 5.0 का सफल आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को रामपुरहाट और अंबिका कलना स्टेशनों पर 'अमृत संवाद' कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन संवाद सत्रों का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को कार्यकुशलता, सेवा प्रदायगी और नागरिक सहभागिता में सुधार से संबंधित चर्चाओं में शामिल करना था। अभियान की निरंतरता में मंडल ने अपने क्षेत्राधिकार में व्यापक स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस दौरान रेलवे परिसर में प्लेटफार्म, पटरी, शौचालय, नालियों और सड़कों की गहन सफाई की गई, जिससे यात्रियों के लिए अधिक स्वच्छ और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। हावड़ा मंडल ने विशेष अभियान 5.0 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में निरंतर स्वच्छता प्रयासों, कुशल सार्वजनिक सेवा प्रदायगी और कर्मचारियों एवं यात्रियों के साथ सक्रिय सहभागिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## आसनसोल मंडल में व्यापक सफाई अभियान और फ्रंटलाइन वर्कर्स का सम्मान



**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने स्पेशल अभियान 5.0 के तहत स्टेशनों, कॉलोनियों और आसपास के इलाकों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य जमे हुए कचरे को हटाना, नालियों और टैंकों की सफाई करना और रेलवे परिसर में सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ रखना था। लोको कॉलोनी/आसनसोल के पास पम्पु तालाब को साफ किया गया, जबकि दुर्गापुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया की सफाई कर यात्रियों के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया। सीतारामपुर स्टेशन पर टैंकों और कचरा निपटान की गतिविधियों के माध्यम से बदबू नियंत्रित की गई। अंडाल स्टेशन में सर्कुलेटिंग एरिया और अप्रोच रोड की सफाई की गई, जिससे सुविधा और पहुंच बेहतर हुई। जसिडीह, मधुपुर और दुमका स्टेशनों पर गहन सफाई से प्लेटफार्म स्वच्छ और यात्रियों के लिए आरामदायक बना। पांडबेश्वर रेलवे कॉलोनी में आवासीय क्षेत्र और खुली जगहों की सफाई कर सुरक्षित और रहने लायक माहौल सुनिश्चित किया गया। अभियान में लगे फ्रंटलाइन वर्कर्स को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिससे मंडल में स्वच्छ रेलवे इकोसिस्टम बनाए रखने में उनकी प्रतिबद्धता सराही गई।

### फाइव-स्टार होटल में महिला से छेड़छाड़ व मारपीट, शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एक फाइव-स्टार होटल के नाइट क्लब में एक महिला के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता ने कई लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिनमें कारोबारी नासिर खान और उनके भतीजे जुनैद खान के नाम शामिल हैं। घटना सोमवार के तड़क 4:15 बजे हुई और करीब डेढ़ घंटे तक क्लब के अंदर हंगामा चलता रहा। शिकायत में कहा गया है कि पीड़िता अपने पति, भाई और कुछ दोस्तों के साथ क्लब में मौजूद थीं, जब कुछ लोगों से झगड़ा शुरू हुआ जो बाद में हिंसक रूप ले लिया। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने हम पर बोतलों से हमला किया और मुझे अनुचित तरीके से छूने की कोशिश की। झगड़े के दौरान उसके परिवार को क्लब के शराब भंडार कक्ष में छिपना पड़ा। बता दें कि आरोपित नासिर खान पहले भी सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले में जेल की सजा काट चुका हैं और वर्ष 2020 में रिहा हुआ था। फिलहाल, इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रहे हैं। इस बीच, कारोबारी नासिर खान ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया है कि वह घटना के समय क्लब में मौजूद नहीं थे। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही फैसला किया जाएगा।

### बशीरहाट में जमीन विवाद में मां-बेटी की पिटाई, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट थाना अंतर्गत मध्यमपुर टाकी रोड पर मंगलवार को जमीन विवाद में एक स्कूली छात्र और उसकी मां पर हमला किया गया। मां की स्थिति गंभीर है और अस्पताल में इलाजरत है। इस घटना में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि मोनिरुल गाजी के परिवार का सेरीना बीबी और उनके परिवार के साथ लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा था। इस दिन, दोपहर में मोनिरुल गाजी पहले सेलिना बीबी की दुकान पर गया, जहां उसने सेलिना बीबी के बेटे रेहान गाजी की पिटाई की और फिर वहां से सेलिना बीबी के घर आया। वहां सेलिना बीबी की उसने लोहे की रॉड और बांस से बुरी तरह पिटाई की। इस बीच, इलाके के लोगों ने आकर सेलिना बीबी को बचाया और लहूलुहान हालत में सेलिना बीबी और उसके बेटे को बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गए। हालांकि, सेलिना बीबी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेहान गाजी को छुट्टी दे दी।

### गलसी में नाबालिग जोड़े का पेड़ से लटकता शव बरामद

**पूर्व बर्दवान :** जिले के गलसी में नाबालिग जोड़े का लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पता चला है कि गत सोमवार की दोपहर गलसी थाना अंतर्गत जॉयकृष्णपुर के साहेबडांगा गांव में खड़ी नदी के किनारे एक पेड़ से प्रेमी जोड़े के शव लटके पाए गए। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बर्दवान मेडिकल कॉलेज भेज दिया। दोनों मृतक आउशग्राम के तकीपुर के निवासी हैं। पता चला है कि दोनों नाबालिगों के बीच कई महीने पहले संबंध थे। जैसे-जैसे उनकी नजदीकियां बढ़ीं, उन्होंने शादी करने का फैसला किया। उन्होंने अपने परिवारों पर शादी के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। लेकिन, चूंकि, उनकी शादी की सही उम्र नहीं थी, इसलिए दोनों के परिवार राजी नहीं हुए। उसके बाद, उन्हें कई बार समझाया गया और शादी की उम्र होने तक इंतजार करने को कहा गया। फिर, इस दिन, दोपहर में खड़ी नदी के किनारे एक पेड़ से उनके शव लटके पाए गए और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने जाकर शवों को बरामद किया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए बर्दवान मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### बर्दवान मेडिकल कॉलेज में मरीज की बेटी से छेड़छाड़ के आरोप में वार्ड ब्वॉय गिरफ्तार

**बर्दवान :** बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक वार्ड ब्वॉय को मरीज की बेटी से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार की दोपहर की है। आरोपित वार्ड ब्वॉय को सोमवार की रात बर्दवान महिला थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसे जिला अदालत में पेश किया गया है जहां से उसे दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, एक आदिवासी महिला पिछले कुछ समय से बर्दवान मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन है। वह अस्पताल की नई इमारत के नीचे वाले वार्ड में भर्ती है। महिला की विवाहित बेटी शनिवार से अपनी मां के साथ अस्पताल में थी। रविवार की दोपहर जब वह अपनी मां के पास थी, तभी आरोपित वार्ड ब्वॉय महिला वार्ड में आया। पुलिस ने बताया कि उसने कमरे की लाइट बंद कर दी और महिला के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। जब उसने चिल्लाने की कोशिश की तो आरोपित ने पहले उसे थप्पड़ मारा और फिर मुक्का जड़ा। किसी तरह महिला ने खुद को छुड़ाया और बाहर निकल आई। महिला की चीखें सुनकर आस-पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। जब कमरे की लाइट जलाई गई तो आरोपित वहां से भागता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद, पीड़िता ने स्थानीय महिला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल प्रशासन से बात की और सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसके आधार पर आरोपित वार्ड ब्वॉय को गिरफ्तार किया गया।

### मुर्शिदाबाद में एक कप चाय के विवाद में दुकानदार ने की युवक की हत्या

**मुर्शिदाबाद :** जिले के सालार थाना अंतर्गत लाइब्रेरीपाड़ा इलाके में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति की मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि मामूली झगड़े के कारण व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम फिरोज़ शेख (50) है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ था। सालार थाना की पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यदि मृतक के परिवार की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। फिलहाल, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, फिरोज अक्सर इलाके की दुकानों में जाकर लोगों से खाने-पीने की चीज़ें मांगकर खाता था। मंगलवार की सुबह वह बाबलू मियां नामक एक व्यक्ति की चाय की दुकान पर गए और चाय मांगी। किसी कारणवश दुकानदार ने उन्हें चाय देने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर फिरोज ने दुकानदार को गालियां दीं और सड़क पर पड़ा एक डंडा उठाकर उसकी ओर बढ़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तभी गुस्साए दुकानदार ने झाड़ू से फिरोज को पीटा और दुकान के सामने से भगा दिया। डर के मारे फिरोज भागने लगा, लेकिन करीब 50 मीटर दौड़ने के बाद सड़क पर गिर पड़ा। गिरने से उनके शरीर के कई हिस्सों में चोट आई और संभवतः हार्ट अटैक आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। थोड़ी देर बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर फिरोज़ को पड़े देखा और तुरंत सालार थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### जामुरिया में फैक्ट्री में हुए हादसे में मजदूर की मौत, मुआवजे की माग पर प्रदर्शन

**आसनसोल :** आसनसोल के जामुरिया इलाके में स्थित एक फैक्ट्री में मंगलवार को एक मजदूर की मौत हो गई। पता चला है कि इस दिन, सुबह में जामुरिया के शेखपुर स्थित राजश्री नामक एक निजी फैक्ट्री में हुए हादसे में एक मजदूर की मौत को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। मृतक मजदूर के परिवार और फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने फैक्ट्री प्रशासन की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक मजदूर का नाम केशव बाउरी है। वह जामुरिया विधानसभा क्षेत्र के चुरुलिया इलाके का निवासी निवासी है। फैक्ट्री हादसे में मौत की खबर फैलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके अलावा, श्रमिक संगठन के सदस्य भी पहुंच गए और फैक्ट्री के मुख्य द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन को एक निश्चित राशि का मुआवजा दिया जाना चाहिए। तनाव की खबर मिलने के बाद जामुरिया थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए दुर्गापुर भेज दिया गया है।

### बीरभूम में दो युवतियों से छेड़छाड़ का आरोप, तृणमूल नेता का बेटा गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले में दो जनजातीय युवतियों के साथ छेड़छाड़, अभद्र प्रस्ताव देने और जातिसूचक गालियां देने के आरोप में पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के एक ब्लॉक नेता के बेटे को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की सुबह पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार की शाम की है। बताया गया कि दोनों जनजातीय युवतियां कोचिंग सेंटर से साइकिल से घर लौट रही थीं, तभी रास्ते में बाइक सवार तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि उन्हीं में से एक युवक तृणमूल नेता का बेटा है। पीड़िताओं में से एक के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पहले एक आरोपित को गिरफ्तार किया था। अब दूसरे आरोपित को भी पुलिस ने धर दबोचा है। मामले की जांच जारी है।

# चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ उदीयमान सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। अहले सुबह हजारों छठव्रतियों की भारी भीड़ रिसड़ा के 12 घाटों समेत चांपदानी इंद्रा मैदान, त्रिवेणी संगम, हिंदमोटर, कोन्नगर, श्रीरामपुर और भद्रेश्वर के गंगा घाटों, तालाबों और जलाशयों पर उमड़ पड़ी। रातभर छठ गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कोविड-19 के बाद कई व्रतियों ने वैकल्पिक रूप से अपने घरों की छतों पर अस्थायी जलाशय बनाकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। भारतीय समयानुसार सुबह 5:45 बजे सूर्योदय के साथ श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और पारण कर व्रत का समापन किया। प्रशासन की ओर से रेल और जलमार्ग पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। माथे पर डाला और गोद में नवजात लिए व्रतधारी महिलाएं पैदल गंगा घाटों तक पहुंचीं। जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं ने फूल, दूध, अगरबत्ती और प्रसाद का वितरण किया।



रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान और पार्षद सुख सागर मिश्रा समेत कई पार्षद स्टीमर में सवार होकर सभी घाटों का निरीक्षण करते नजर आए। वहीं चांपदानी नगरपालिका के चेयरमैन सुरेश मिश्रा ने भी अपने क्षेत्र के घाटों का जायजा लिया। पूरे इलाके के घाट, रास्ते और गली-मोहल्ले बिजली चालित लाइटों से जगमगा उठे, हर ओर छठ की छटा और आस्था का उजास देखने को मिला। शांति सौहार्द्र एकता की मिसाल छठ पर्व बना। हिंदू मुस्लिम एकता का भी प्रतीक छठ पर्व रहा। कई जगहों पर मुस्लिम समुदाय की तरफ से सहायता कैंप लगाए गए। रिसड़ा विधानचंद कॉलेज के सामने शाहिद खान की अध्यक्षता में कैंप लगाया गया । रिसड़ा थाना प्रभारी संजय सरकार, सर्कल इंस्पेक्टर प्रबीर दता श्रीरामपुर थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती का भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एसआईआर एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया : राज्यपाल

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चंदननगर में आयोजित विश्वविख्यात जगद्धात्री पूजा पंडाल में पहुंचे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने कहा कि एसआईआर एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जिसे देश में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोधी मत होना स्वाभाविक है। भारत का संविधान और लोकतंत्र बेहद मजबूत है और किसी भी मतभेद का समाधान संवाद और बातचीत के माध्यम से किया जा सकता है। अगर कहीं अशांति होती है, तो प्रशासन उसे नियंत्रित करने में सक्षम है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि एसआईआर को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। राज्यपाल चंदननगर के आदी हालदार पाड़ा जगद्धात्री पूजा मंडप पहुंचे, जहां उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित प्रज्वलित कर देवी जगद्धात्री को प्रणाम किया। इस वर्ष का पूजा पंडाल काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रतिरूप में तैयार किया गया है। यह पूजा बूढ़ी मां पूजा के नाम से भी प्रसिद्ध है। राज्यपाल ने पूजा समिति को एक लाख रुपये के अनुदान की घोषणा की और कुछ समय तक मंडप में रुककर भक्तों से बातचीत की। उन्होंने अपने संबोधन में नारी शक्ति के महत्व पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला। पूजा समिति के अध्यक्ष दीपांजन गुहा ने बताया कि राज्यपाल हमारी आतिथ्य-सत्कार से बेहद प्रसन्न हुए और उसी खुशी में उन्होंने एक लाख रुपये देने की घोषणा की। प्रतिमा, मंडप और पूरे वातावरण से राज्यपाल अत्यंत प्रभावित नजर आए।



## नशे की हालत में पत्नी और बच्चों को तंग करने के लिए पड़ोसी ने की युवक की हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर के हाटा गांव में नशे की हालत में पत्नी और बच्चों को तंग करने के लिए पड़ोसी ने एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान अर्जुन दोलुई (32) के रूप में की गई है। पुलिस ने इस घटना में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी पड़ोसी और उसका परिवार फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अर्जुन दोलुई बिष्णुपुर के जुल्पिया ग्राम पंचायत के हाटा गांव का निवासी है। आरोप है कि अर्जुन अक्सर नशे की हालत में अपने पड़ोसी जगन्नाथ सरदार के घर जाता था और उत्पात मचाता था। वह जगन्नाथ की अनुपस्थिति में उसकी पत्नी और बच्चों को परेशान करता था। जगन्नाथ की पत्नी ने इस बारे में अर्जुन की पत्नी से शिकायत की। सोमवार की रात जब अर्जुन नशे की हालत में घर लौटा, तो उसकी पत्नी ने उससे मामले के बारे में पूछताछ की। इस पर, अर्जुन को गुस्सा आ गया। उसकी पत्नी उसके साथ जगन्नाथ के घर गई। उस समय जगन्नाथ भी काम खत्म करके घर लौट आया। अर्जुन ने जगन्नाथ के साथ बहस और धक्का-मुक्की शुरू कर दी, उस पर प्रताड़ना और प्रत्यारोप का आरोप लगाया। दोनों को लड़ते देख अर्जुन की पत्नी वहां से चली गई। थोड़ी देर बाद, वह अपने पति को बुलाने गई तो पाया कि उसका पति अर्जुन बेहोश पड़ा था। उसने चिल्लाकर पड़ोसियों को बुलाया और उसकी पत्नी अर्जुन को लेकर अस्पताल आई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस घटना में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि आरोपी जगन्नाथ सरदार और उसका परिवार फरार है।

## 31वें कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 215 फिल्में दिखाई जाएंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** 31वें कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआईएफएफ) में शहर के 20 स्थानों पर 39 देशों की 215 फिल्में दिखाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बंगाली फिल्म उद्योग और बॉलीवुड की कई फिल्मी हस्तियों के साथ, 6 नवंबर को कोलकाता के एक ऑडिटोरियम में इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगी। उत्तम कुमार और सुचित्रा सेन अभिनीत बंगाली क्लासिक 'सप्तपदी' (1961) को महोत्सव की उद्घाटन फिल्म के रूप में चुना गया है, जिसका प्रदर्शन उद्घाटन समारोह के तुरंत बाद किया जाएगा। मंगलवार को नंदन में फिल्म महोत्सव के कार्यक्रम और विवरण की घोषणा के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। बंगाली सुपरस्टार प्रोसेनजीत चटर्जी, राज्य के मंत्री अरूप बिस्वास और इंद्रनील सेन, निर्देशक हरनाथ चक्रवर्ती, अभिनेता कोयल मलिक और जून मल्लिया और अन्य उपस्थित थे। इस वर्ष के फिल्म महोत्सव में भारत सहित कुल 39 देशों से चुनी गई 215 फिल्में दिखाई जाएंगी। इनमें से 185 पूर्ण लंबाई वाली फ़िल्में और 30 लघु फ़िल्में हैं। इस वर्ष 18 भारतीय भाषाओं और 30 विदेशी भाषाओं की फ़िल्में प्रदर्शित की जाएंगी। कोंकणी, बोरो, तुलु, संथाली सहित विभिन्न बोलियों की फ़िल्में प्रदर्शित की जाएंगी। ऋत्विक घटक, गुरु दत्त, संतोष दत्त, राज खोसला, सलिल चौधरी और रिचर्ड बर्टन जैसे प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माताओं, अभिनेताओं और संगीत निर्देशकों की शताब्दी मनाई जाएगी। श्याम बेनेगल, डेविड लिंच, अरुण रॉय, राजा मित्रा और शशि आनंद की कृतियों को विशेष सम्मान दिया जाएगा। दिग्गज फ़िल्म निर्माता रमेश सिप्पी 'शोले' के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'सत्यजीत रे स्मृति व्याख्यान' देंगे।




## हुगली ग्रामीण पुलिस की दक्षता से चोरी की दो बड़ी घटनाओं का खुलासा

**चोरी का सामान बरामद, आरोपी गिरफ्तार**

**हुगली, समाज्ञा :** मोगरा थाना पुलिस की सतर्कता, तत्परता और उत्कृष्ट जांच-पड़ताल के कारण पिछले कुछ दिनों में हुई दो सनसनीखेज चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश कर लिया गया। पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया। इस सफलता से इलाके के लोगों का पुलिस पर भरोसा और भी मजबूत हुआ है। थाना प्रभारी दीपंकर सरकार के नेतृत्व में बनी विशेष टीमों ने बेहतरीन तरीके से काम करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। पहली घटना बीटीपीएस हाउसिंग क्वार्टर में की हुई चोरी जिसमे तीन घंटे में आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए।

ज्ञात हो कि 25 अक्टूबर की सुबह लगभग बीटीपीएस हाउसिंग क्वार्टर के 'बी-वन' ब्लॉक में शांतनु दास के घर में चोरी की घटना हुई। अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और घरेलू सामान, धार्मिक पुस्तकें, मूर्तियां, पीतल की प्रतिमाएं, महत्वपूर्ण हेल्थ बुक और बीमा दस्तावेज़ चोरी कर लिए। उसी दिन दोपहर शांतनु दास ने मगरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद तुरंत बाद जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर तीन संदिग्धों की पहचान की। सिर्फ तीन घंटे में टीम ने पालपाड़ा इलाके से सुखदेव, अमित मंडल और सुमित मंडल को गिरफ्तार कर लिया। 26 अक्टूबर को आरोपियों को चुंचुड़ा अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।



27 अक्टूबर की सुबह आरोपियों की निशानदेही पर सारा चोरी का सामान बरामद किया गया। जांच में पता चला कि अमित मंडल और सुमित मंडल पर पहले से कई चोरी के मामले दर्ज हैं। दूसरी घटना सोने के गहनों की चोरी थी जिसमे पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 48 ग्राम सोना बरामद किया गया 26 अक्टूबर की देर रात पांडुआ क्षेत्र से शेख नफिरुल को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर उसके साथी शेख आलम, हाफिजुल शेख, नसेरा बीबी, और शेख अमीन हुसैन को पकड़ा गया। 27 अक्टूबर को पांचों आरोपियों को चूचुड़ा अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने 3 दिन की पुलिस हिरासत दी। पूछताछ और तलाशी के दौरान पुलिस ने लगभग 48 ग्राम सोना बरामद किया।

## राकेश सिंह की बेटी की शिकायत पर फ्लैट मालिक का बेटा गिरफ्तार, छेड़छाड़ का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता राकेश सिंह और उनके बेटे के खिलाफ दर्ज शिकायत के बाद अब उनकी नाबालिग बेटी ने पलटवार करते हुए फ्लैट मालिक के बेटे पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, फ्लैट मालिक चंदू खान के बेटे को भाजपा नेता की बेटी की शिकायत पर हिरासत में लिया गया है। कसबा थाने के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस उनकी हिरासत की मांग की गई। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सोमवार को हुई झड़प में राकेश सिंह की नाबालिग बेटी की कोई भूमिका थी या नहीं। इस संबंध में कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज हमें एक प्रत्यावेदन प्राप्त हुआ है। भाजपा नेता की बेटी ने यह शिकायत दर्ज कराई है। आरोपित को छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों की अलग-अलग जांच की जा रही है। इससे पहले, सोमवार को कोलकाता के कसबा इलाके में एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के भीतर तोड़फोड़ और हमले के आरोप में भाजपा नेता राकेश सिंह और उनके बेटे को गिरफ्तार किया गया था, जबकि नाबालिग बेटी को भी इसी मामले में हिरासत में लिया गया था।

## शमिक भट्टाचार्य की पसंद को प्राथमिकता, नवंबर में घोषित होगी प्रदेश भाजपा की नई कमिटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में प्रदेश भाजपा की नई कमिटी लगभग अंतिम चरण में पहुंच गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बार प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की पसंद को ही सबसे अधिक प्राथमिकता दी गई है। नई कमिटी की घोषणा नवंबर के शुरुआती सप्ताह में होने की संभावना है। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष बनने के कई महीने बाद भी नई कमिटी की घोषणा में देरी होने को लेकर शमिक भट्टाचार्य की आलोचना भी हो रही है। लगभग चार महीने की अंदरूनी खींचतान और विचार-विमर्श के बाद बंगाल भाजपा की नई राज्य कमिटी तय हो गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्रिय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव ने अंततः शमिक भट्टाचार्य की राय को ही निर्णायक माना। इससे कई पुराने और विवादित नेताओं को पद गंवाना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस बार शमिक की पसंद को महत्व दिया है। महिला मोर्चा और युवा मोर्चा सहित कई इकाइयों के अध्यक्ष बदले जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि एक वरिष्ठ महिला सांसद को फिर से महिला मोर्चा का दायित्व सौंपा जा सकता है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि तीन सामान्य सचिवों को हटाया जा सकता है, जबकि नई टीम में पुराने और नए चेहरों का संतुलन साधने की कोशिश की गई है। यह भी चर्चा है कि नए अध्यक्ष के नज़दीकी कुछ नेता अपने हित साधने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रयास कितना सफल होगा, यह कमिटी की औपचारिक घोषणा के बाद ही स्पष्ट होगा।

## चंदननगर में दुनिया की सबसे बड़ी जगद्धात्री प्रतिमा गिरने से हादसा, 5 घायल

**हुगली, समाज्ञा :** बिजली की रोशनी और जगद्धात्री पूजा के लिए मशहूर चंदननगर शहर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। शहर के कन्हैयालाल पल्लि में पूजा के दौरान विशाल पंडाल का ढांचा भरभराकर गिर पड़ा। इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ निर्णायक मंडली के सदस्य (जज) भी शामिल हैं। चंदननगर की पूजा देशभर में अपनी भव्यता और कलात्मकता के लिए जानी जाती है। इसी आकर्षण को और बढ़ाने के उद्देश्य से कन्हैयालाल पल्लि पूजा समिति ने करीब 70 फुट ऊंचा पंडाल तैयार कराया था। पंडाल के सामने फाइबर से बनी विशाल जगद्धात्री प्रतिमा लगाई गई थी, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी जगद्धात्री के रूप में प्रचारित किया गया था लेकिन मंगलवार शाम हल्की हवा चलने से पंडाल का ऊंचा ढांचा अचानक गिर पड़ा। उस समय पंडाल में कई श्रद्धालु और दर्शक मौजूद थे। हादसे में 5 लोग घायल हो गए। पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को चंदननगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही चंदननगर पुलिस कमिश्नर अमित पी. जवालगी खुद घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों ने तत्काल स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि कोई भी व्यक्ति मलबे में दबा नहीं है। प्रतिमा को भी कोई नुकसान नहीं हुआ, केवल ढांचा क्षतिग्रस्त हुआ है। कमिश्नर ने फायर फाइटर्स की तत्परता की सराहना की और समिति से आग्रह किया कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद पूजा सुचारू रूप से संपन्न की जाए। इस घटना के बाद रोशनी के शहर चंदननगर में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है।



## आर्मेनियम घाट पर छठ पूजा का महापर्व धूमधाम से मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्मेनियम घाट युवक समिति, स्टैंड रोड, कोलकाता की ओर से छठ पूजा के पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन किया गया। संस्था ने सभी राजवासियों को इस लोक आस्था के महापर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य के संग उगते सूर्य को अर्घ्य कर अपनी उलझन और मन्नत ईश्वर के चरणों में समर्पित की। इस अवसर पर संस्था ने 40 वर्षों से सामाजिक सेवा में लगे रहने की अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उद्घाटन समारोह दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ, जिसमें चौरंगी विधानसभा की विधायक नैना बंदोपाध्याय, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, संजय बक्शी, चेयरपर्सन पार्षद रेहाना खातून, महेश शर्मा, मौसमी दे, जन्मेजय पांडे, सुरेश पांडे, प्रदीप मजूमदार, राजू राय, अशोक पाठक, संस्था के अध्यक्ष रतन बनीक, उमाशंकर प्रसाद चेयरपर्सन दारा सिंह सभी छठ व्रत धारी का और अतिथियों का उतरी पहनाकर सम्मान किया।

## गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट के प्रांगण में व्रतधारियों ने छठी माई की पूजा-अर्चना की





**हावड़ा, समाज्ञा :** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को संध्या में डूबते सूरज और सप्तमी तिथि को प्रातः सूर्योदय के समय भास्कर देव के अर्घ्य के साथ छठ पूजा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हावड़ा के 27, नित्यधान मुखर्जी रोड पर मां गंगा के तट पर स्थित गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट के प्रांगण में श्रद्धालुओं और व्रतधारियों ने बड़े ही आस्था के साथ छठी माई की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज के अनेक विशिष्ट लोगों ने सपरिवार पूजा अर्चना की। संस्था के संस्थापक और संरक्षक राजेंद्र प्रसाद राय और उनकी धर्मपत्नी रंजू राय ने बताया कि उनकी पुत्र वधू प्रियंका कश्यप ने छठ व्रत पहली बार आरंभ करते हुए परिवार की परम्परा को आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर ईडन रियलिटी के संस्थापक और निदेशक सच्चिदानंद राय, केएमसी के वार्ड 25 के पार्षद राजेश सिंहा, एबीएन टावर एंड ट्रांसमिशन के निदेशक विनोद अग्रवाल एवं नलिन विलोचन, संजीवनी निर्माण रियलिटी ग्रुप के संस्थापक रामजी अग्रहरि, संजय शर्मा सहपरिवार पूजा अर्चना की। संस्था के संचालक अविनाश कुमार सिंह के अनुसार, संस्था की तरफ से मुख्य द्वार के पास छठ व्रतधारियों के लिए एक शिविर भी लगाया गया था जिसमें नींबू की शिकंजी और पेय जल की व्यवस्था की गई थी।




**एकता संघ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वस्त्र और पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। करीब 200 वर्तियों में सामग्री वितरित की गई और समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संघ ने जागृति फैलाने के लिए रंगोली के माध्यम से 'ऑपरेशन सिंदूर' का आयोजन कर देशभक्ति का संदेश भी दिया।**

## जामुरिया में छठ पूजा के दौरान तालाब स्नान करते समय व्यक्ति की डूबकर मौत

**आसनसोल :** जामुरिया थाना अंतर्गत सात नंबर वार्ड स्थित दामोदरपुर इलाके में छठ पूजा के मौके पर मंगलवार को अपने परिवार के साथ तालाब में स्नान करने गए एक व्यक्ति की डूबकर मौत हो गई। मृतक का नाम पांडे दास है। वह जामुरिया अंतर्गत पांच नंबर वार्ड के हुसैन नगर इलाके के निवासी थे। मंगलवार की सुबह वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ निमगढ़िया तालाब में छठ पूजा करने गए थे। पूजा के दौरान स्नान करते समय अचानक वे गहरे पानी में डूब गए। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय लोग और आपदा प्रबंधन दल तुरंत मौके पर पहुंचे और तालाब में उनकी खोज शुरू की। काफी प्रयासों के बाद पांडे दास का शव तालाब से निकाला गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया।

## रामपुरहाट में नाबालिग से दुष्कर्म और क्षत-विक्षत शव की बरामदगी मामले में आरोप तय

**बीरभूम :** जिले के रामपुरहाट में आदिवासी लड़की से दुष्कर्म के बाद हत्या और फिर शव के टुकड़े-टुकड़े करके उसे एक थैले में भरकर फेंक दिया गया। इस घटना में शिक्षक मनोज पाल को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को, रामपुरहाट अदालत में मामले में आरोप तय किया गया। इस दिन, सुबह में पुलिस आरोपी को अदालत में लेकर आई। उसने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। शिक्षक ने केवल खुद को निर्दोष बताया। बता दें कि सितंबर में लड़की का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी स्कूल शिक्षक मनोज पाल को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ कई सबूत इकट्ठा करना शुरू कर दिया। गिरफ्तारी के दस दिन बाद, पुलिस ने 26 सितंबर को गिरफ्तार शिक्षक के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। मामले की त्वरित सुनवाई के बाद, मृतका के परिवार ने आरोपी शिक्षक के लिए सजा की मांग की। लड़की की मां ने शिक्षक के लिए मौत की सजा की मांग की है। इस दिन, आरोपी मनोज को रामपुरहाट अदालत लाया गया। सुबह से ही अदालत परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कार से उतरते और अदालत में प्रवेश करते समय, मनोज ने पत्रकारों के सामने खुद को निर्दोष बताया। अदालत के सूत्रों के अनुसार, आरोप पत्र में आरोपियों के खिलाफ कई आरोप लगाए गए हैं। दुष्कर्म और हत्या जैसे महत्वपूर्ण आरोप भी शामिल किए गए हैं। नाबालिग के परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने कहा कि मामले के शीघ्र निपटारे के लिए अदालत में एक याचिका पहले ही दायर की जा चुकी है। उन्हें उम्मीद है कि इस मामले की सुनवाई जल्द ही शुरू होगी।

## बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के कैंप में लगा छठ मैया के भक्तों का हुजूम

**हावड़ा, समाज्ञा :** बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी ने छठपूजा के अवसर पर हावड़ा कमिश्नरेट बिल्डिंग निकट तेलकल गंगा घाट के पास श्री रामजनकी मंदिर के विपरीत अपना 2 दिवसीय छठ मैया भक्त सेवा शिविर कैंप का सफलता पूर्वक आयोजन किया। 27 अक्टूबर को सूर्यास्त का पहला अर्घ देनेवाले सभी भक्तों के लिए गरमागरम केसरिया चाय, और ठंडे बोतल की पानी का संपूर्ण व्यवस्था किया गया था। 28 अक्टूबर को सुबह 4 बजे से गंगा घाट जाने वाले भक्तों के लिए फूल माला एवं 5:30 बजे से भक्तों के लिए भोग प्रसाद स्वरूप गरमागरम पुड़ी, सब्जी,और केसरिया हलवा का उत्तम व्यवस्था था, जिसको भक्तों ने हाथों हाथ लिया। करीबन पांच हजार भक्तों ने सुबह 9 बजे तक भोग प्रसाद का आनंद उठाया। कैंप का उद्घाटन 27 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे उद्योगपति समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद साव बैजनाथ जायसवाल और हरीश चंद जायसवाल के कर कमलों से संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में हावड़ा के विशिष्ट अतिथियों के साथ साथ गंगा घाट पर लगे अनेकों कैंप के पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहना कर सम्मान किया गया। जिसमें मुख्यरूप से उपस्थित सुरेश जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, समाज्ञा के अधिपति अनिल राय , रमेश जायसवाल,कृष्णा जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, राजेश जायसवाल, उमेश जायसवाल, चंद्रप्रकाश गुप्ता, दीपक जयसवाल (सोनू) प्रमोद जायसवाल, सुनील जायसवाल, मनोज सिंह, रामा जायसवाल, मनोज यादव, धर्मेंद्र साव, मनोज गुप्ता, गौतम जायसवाल,अरविंद गुप्ता, और अजय गुप्ता, गणेश साव, दिनेश साव रहे। संस्था के सक्रिय महिला पुरुष कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में, संस्था सचिव अनिल जायसवाल, राकेश गुप्ता, रोहित जायसवाल, पंकज जायसवाल, हेमंत विश्वकर्मा, रविशंकर जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, रितेश जायसवाल, संजीवन जायसवाल, शिवकुमार सरोज जयप्रकाश जायसवाल, शंभु जायसवाल, वकीलगिरी, सजन जायसवाल, सुभाष जायसवाल,सप्तऋषि जायसवाल, तुषार जायसवाल,कृष्णा साव, सुनील साव,धनंजय गिरी जगरनाथ जायसवाल, महिला सदस्यों में शशि जायसवाल, इंदु जायसवाल, सुनीता जायसवाल, श्वेता जायसवाल, रिंकू जायसवाल, अंजू गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता के साथ साथ अन्य सदस्यों मुख्य योगदान रहा। बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष भोला जायसवाल ने कैंप में उपस्थित सभी अतिथियों, संस्था सदस्या,सदस्यों को उनके मानव सेवा के प्रति उमंग और कड़ी मेहनत से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया और नवंबर और दिसंबर माह में आने वाले सामाजिक सेवा कार्यों में तैयार रहने के लिए हौसला अफजाई किए।





# महागठबंधन ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, वक्फ कानून पर रोक लगाने का वादा किया




**पटना:** महागठबंधन ने मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 'तेजस्वी प्रण' नाम से अपना संयुक्त घोषणापत्र जारी किया, जिसमें वादा किया गया कि उसकी सरकार बनने के 20 दिन के भीतर एक विधेयक लाकर हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उसने संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर बिहार में रोक लगाने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने, केंद्र सरकार द्वारा तैयार नई शिक्षा नीति के 'दुष्प्रभावों' की समीक्षा करने, आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने के लिए विधानसभा द्वारा पारित कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की केंद्र सरकार से अनुशंसा करने तथा कई अन्य वादे किए हैं। विपक्षी गठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, उप मुख्यमंत्री पद के चेहरा एव विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश सहनी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में चुनावी घोषणा पत्र जारी किया गया जिसे 'तेजस्वी प्रण' नाम दिया गया है। इस मौके पर तेजस्वी ने संवाददाताओं से कहा, ''यह दलों और दिलों का प्रण है। एक-एक घोषणा दिल से लिया गया प्रण है। एक-एक प्रण को प्राण झोंककर पूरा करना पड़े तो भी हम लोग इसे पूरा करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा, ''हमने जनता के सामने हमेशा अपना 'विजन' रखा है और आज 'संकल्प पत्र' बिहार के सामने रख रहे हैं। हमने प्रण लिया है कि बिहार को नंबर-एक बनाएंगे।'' पूर्व उप मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोगों और भ्रष्ट अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'पुतला' बनाकर रखा है। उन्होंने यह भी कि वह नीतीश कुमार के प्रति पूरी सहानुभूति रखते हैं। महागठबंधन ने घोषणापत्र में वादा किया है कि सरकार बनने के 20 दिन के भीतर ही बिहार के हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के लिए विधेयक लाया जाएगा तथा 20 महीने की रूपरेखा के कार्यान्वयन पर काम शुरू हो जाएगा। उसने यह वादा भी किया है कि सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान सवा करोड़ रोजगार का सृजन किया जाएगा। विपक्षी गठबंधन का कहना है कि अगर सरकार बनी तो दलितों, अनुसूचित जनजाति, अतिपिछड़े, पिछड़े वर्ग के भूमिहीन लोगों को शहरी क्षेत्र में तीन डिसमिल (भूमि माप की इकाई) तथा ग्रामीण क्षेत्र में पांच डिसमिल आवासीय भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उसने यह भी कहा कि सरकार बनने पर बिहार में वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाई जाएगी। इस घोषणापत्र में कहा गया है, ''सभी अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जाएगी। वक्फ संशोधन विधेयक (कानून) पर रोक लगाई जाएगी और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाते हुए इसे समुदाय के लिए अधिक कल्याणकारी और उपयोगी बनाया जाएगा।'

## शराबबंदी कानून की समीक्षा होगी, ताड़ी और महुआ को इसके दायरे से बाहर करेंगे: महागठबंधन

**पटना:** महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जारी अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि प्रदेश में अगर उसकी सरकार बनी तो शराबबंदी कानून की समीक्षा की जाएगी तथा ताड़ी और महुआ आधारित पारंपरिक रोजगार को इस कानून से मुक्त किया जाएगा। विपक्षी गठबंधन ने मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसे 'तेजस्वी प्रण' नाम दिया गया है। इस घोषणापत्र में कहा गया है, 'बिहार में लागू शराबबंदी कानून की समीक्षा की जाएगी और सुसंगत नीति बनाई जाएगी। इस कानून के तहत जेल में बंद दलितों और अन्य गरीबों को तत्काल राहत दी जाएगी।' महागठबंधन ने यह भी कहा कि ताड़ी और महुआ आधारित पारंपरिक रोजगार को शराबबंदी कानून से मुक्त किया जाएगा।

## भाजपा के लोगों और भ्रष्ट अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'पुतला' बनाकर रखा है: तेजस्वी

**पटना:** विपक्षी गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और भ्रष्ट अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ''पुतला'' बनाकर रखा है। घोषणापत्र जारी करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तेजस्वी ने कहा, ''हम नीतीश कुमार के प्रति पूरी सहानुभूति रखते हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) केवल उनके चेहरे का इस्तेमाल कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''महागठबंधन ने पहले ही बता दिया है कि उसका मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन राजग की ओर से इस पद को लेकर अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया है।'

## राहुल गांधी के खिलाफ मामले में संभल की अदालत सात नवंबर को सुनाएगी फ़ैसला

**संभल (उत्तर प्रदेश):** संभल की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दायर मामले में मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अधिकारियों ने बताया कि फैसला सात नवंबर को सुनाया जाएगा। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) द्वितीय आरती फौजदार के समक्ष चंदौसी जिला न्यायालय में सुनवाई हुई, जहां दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश कीं। यह मामला हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने दायर किया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी की टिप्पणियों ने जनता की भावनाओं को आहत किया। गुप्ता ने कहा, ''15 जनवरी को दिल्ली कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि हमारी लड़ाई भाजपा या आरएसएस से नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) से है। उनके बयान ने देश भर के लोगों की भावनाओं को आहत किया।

## बलिया में छठ पर्व के दौरान डूबने से तीन युवकों की मौत

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश में बलिया के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार को छठ पर्व के दौरान डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि महेश पटेल (28) नाम का व्यक्ति सोमवार की शाम नगरा थाना क्षेत्र के नगरा कस्बे में स्थित एक पोखरा में घाट पर छठ पर्व मनाते समय पैर फिसलने से डूब गया। उसने बताया कि ग्रामीणों ने उसे तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बीच, ढेला मिश्र (50) नाम का व्यक्ति बांसडीह थाना क्षेत्र के अगउर गांव में मंदिर के समीप स्थित जलाशय में स्नान करते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया। पुलिस ने सोमवार की शाम शव को बाहर निकाला और उसे अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक अन्य घटना में, छठ पर्व पर मनियर थाना क्षेत्र के मल्लौवा गांव में पोखरा पर बेदी बनाते समय एक व्यक्ति डूब गया जिसकी पहचान अनुज पासवान के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने उसे तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर झंडा फहराने के पूर्वाभ्यास में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए

**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या में मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर झंडा फहराने के पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) में 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के साथ सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि ट्रस्ट ने झंडा फहराने के सही प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए भारतीय सेना से सहयोग मांगा है। मिश्रा ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट की बैठक में झंडा फहराने की तकनीकी चुनौतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के झंडे का वजन 11 किलोग्राम, झंडे का खंभा 11 फुट ऊंचा और झंडा 22 फुट चौड़ा होगा। मिश्रा ने कहा कि समारोह को बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए झंडा फहराने का पूर्वाभ्यास लगातार जारी रहेगा।

## झारखंड: तालाब में डूबने से चार नाबालिगों समेत पांच लोगों की मौत

**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग में मंगलवार को एक तालाब में नहाते समय चार नाबालिग लड़कियों समेत पांच लोग डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना कटकमसांडी प्रखंड के साहपुर पंचायत में हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया, कटकमसांडी थाना क्षेत्र के साहपुर पंचायत की चार लड़कियां और 12 वर्षीय एक लड़का आज (मंगलवार को) दोपहर तालाब में डूब गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की उम्र 12 से 20 वर्ष के बीच थी। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया है।

## पुष्कर मेले में 23 करोड़ रुपये का भैंसा और 15 करोड़ रुपये का घोड़ा बने आकर्षण के केंद्र



**पुष्कर (राजस्थान):** राजस्थान के पुष्कर में आयोजित किए जा रहे वार्षिक पशु मेले में 15 करोड़ रुपये का घोड़ा और 23 करोड़ रुपये का भैंसा लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पुष्कर का यह मेला भारत के प्रमुख पशु मेलों में से एक माना जाता है जहां पशुपालक न केवल उत्कृष्ट नस्लों के पशु लेकर पहुंचते हैं, बल्कि इनमें से कई पशुओं की कीमत भी रिकॉर्ड तोड़ होती है। राजस्थान पर्यटन विभाग के अनुसार, आधिकारिक रूप से पुष्कर मेला 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। चंडीगढ़ के गैरी गिल की घुड़साल के ढाई साल के घोड़े 'शाहबाज' को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। गिल ने बताया, ''शाहबाज कई शो जीत चुका है और यह एक प्रतिष्ठित वंश से है। इसकी 'कवरिंग फीस' दो लाख रुपये है और हम इसके 15 करोड़ रुपये मांग रहे हैं।'' 'कवरिंग फीस' किसी मादा पशु से प्रजनन के लिए नर पशु के मालिक को दी जाने वाली राशि होती है। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी नस्ल के इस घोड़े के लिए उन्हें पहले ही नौ करोड़ रुपये तक के प्रस्ताव मिल चुके हैं। इस बार पशु मेले का एक और बड़ा आकर्षण 1500 किलोग्राम वजनी भैंसा 'अनमोल' है, जिसकी कीमत 23 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके मालिक पलमिंद्र गिल ने कहा कि उन्होंने 'अनमोल' को 'राजाओं की तरह पाला है।'

## पूर्व भाजपा विधायक ने मुस्लिम महिलाओं का धर्म परिवर्तन करने वाले हिंदुओं को नौकरी देने की पेशकश की

**गोरखपुर/सिद्धार्थ नगर/लखनऊ (उप्र):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने कथित बयान से विवाद खड़ा कर दिया है जिसमें उन्होंने दो हिंदू लड़कियों द्वारा कथित तौर पर मुस्लिम पुरुषों से शादी करने का बदला लेने के लिए 'दस मुस्लिम लड़कियों को लाकर उन्हें हिंदू बनाने' वाले हिंदू युवकों की शादी का खर्च उठाने और नौकरी देने की पेशकश की है। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले के डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सिंह ने 16 अक्टूबर को धनखरपुर गांव में एक सभा में यह टिप्पणी की। इस भाषण का वीडियो वायरल होने पर, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस ने पूर्व विधायक के खिलाफ 'भड़काऊ' और 'शर्मनाक'' टिप्पणी के लिए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछली सरकारों के दौरान हिंदू डर में रहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में अब डरने की कोई जरूरत नहीं है।

# अयोध्या का विकास भव्यता, आस्था और आधुनिकता का संतुलित मॉडल बने: योगी आदित्यनाथ

## 'जोड़ा साहिब' का स्वागत:मुख्यमंत्री योगी बोले,भारतीय विरासत में सिख गुरुओं का अविस्मरणीय योगदान रहा




लखनऊ:उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत की सनातन विरासत में सिख गुरुओं ने अविस्मरणीय योगदान दिया है। लखनऊ में 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के तहत पहुंचने पर पवित्र 'जोड़ा साहिब' का भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा सिख समुदाय की आस्था का एक प्रतीक है जो दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पूजनीय 'जोड़ा साहिब' (चरण पादुका) से जुड़ी है, जिन्हें सिख भक्ति के सबसे पवित्र प्रतीकों में से एक माना जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान, आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को न केवल आस्था, बल्कि सेवा, त्याग और राष्ट्र रक्षा के आदर्श भी प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस आध्यात्मिक विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा को पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि इसका विकास भव्यता, आस्था और आधुनिकता का संतुलित मॉडल होना चाहिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी ने 'अयोध्या महायोजना-2031' से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा अयोध्या का विकास भव्यता, आस्था और आधुनिकता - तीनों का समन्वित रूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस महायोजना का उद्देश्य अयोध्या को सुनियोजित, सुव्यवस्थित और सतत विकास के साथ विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि विकास कार्यों में अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक गरिमा और पर्यावरणीय संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। महायोजना के विभिन्न बिंदुओं पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि 'अयोध्या विजन 2047' के तहत अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक नगरी, ज्ञान नगरी, उत्सव नगरी, तीर्थ अनुकूल अवसंरचना, विविधीकृत पर्यटन, ऐतिहासिक सर्किट और 'हेरिटेज वॉक', हरित एवं सौर ऊर्जा आधारित नगरी के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह महायोजना अयोध्या के सतत विकास की आधारशिला बनेगी। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत अयोध्या विकास क्षेत्र को 18 जोनों में विभाजित किया गया है ताकि संतुलित भूमि उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रस्तावित 23.94 लाख की अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए 52.56 प्रतिशत भूमि आवासीय, 5.11 प्रतिशत वाणिज्यिक, 4.65 प्रतिशत औद्योगिक, 10.28 प्रतिशत सार्वजनिक उपयोग, 12.20 प्रतिशत परिवहन, और 14.31 प्रतिशत हरित एवं खुले क्षेत्र के लिए नियोजित की गई है।

## गोरखपुर में झोलाछाप डॉक्टर के टीके से छह साल के बच्चे की मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना क्षेत्र में कथित तौर पर झोलाछाप डॉक्टर द्वारा टीका लगाए जाने के बाद छह वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना सहजनवां थाना क्षेत्र के पाली ब्लॉक के बाहिलपार गांव में सोमवार रात की। उसने बताया कि बदायूं जिले के पृथ्वीनंगला गांव निवासी रिंकू का बेटा पारस (छह) इन दिनों बाहिलपार गांव में अपने नाना-नानी के घर आया हुआ था। परिवार ने बच्चे के सिर पर उभरी एक गांठ के इलाज के लिए एक स्थानीय चिकित्सक से संपर्क किया। बच्चे के नाना राणा प्रताप ने बताया, झोलाछाप डॉक्टर ने 10,000 रुपये लिए और एक छोटा ऑपरेशन करने का आश्वासन दिया। लेकिन टीका लगाने के तुरंत बाद पारस बेहोश हो गया। उन्होंने कहा, उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फिर एक निजी अस्पताल और बाद में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 32 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले, 40 फीसदी करोड़पति



**पटना:** बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में मैदान में उतरे 1,303 उम्मीदवारों में से 423 (32 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले हैं और इनमें से 354 (27 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) और 'बिहार इलेक्शन वॉच' ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 121 सीट पर मतदान होगा। रिपोर्ट के अनुसार, 33 उम्मीदवारों पर हत्या से संबंधित मामले, 86 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के प्रयास जैसे मामले और 42 उम्मीदवार महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामलों में आरोपी हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि दो उम्मीदवारों के खिलाफ दुष्कर्म के मामले भी दर्ज हैं। पार्टियों के हिसाब से बात करें तो जनसुराज पार्टी के 114 उम्मीदवारों में से 50 (44 प्रतिशत), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के 89 में से 18 (20 प्रतिशत), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 70 में से 53 (76 प्रतिशत), जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के 57 में से 22 (39 प्रतिशत), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 48 में से 31 (65 प्रतिशत), आम आदमी पार्टी (आप) के 44 में से 12 (27 प्रतिशत), कांग्रेस के 23 में से 15 (65 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन दलों के अलावा भाकपा (माले) के 14 में से 13 (93 प्रतिशत), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 में से सात (54 प्रतिशत), भाकपा के सभी पांच उम्मीदवार (100 प्रतिशत) और माकपा के तीन में से तीनों उम्मीदवारों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। गंभीर मामलों के संदर्भ में राजद के 70 में से 42 (60 प्रतिशत), भाजपा के 48 में से 27 (56 प्रतिशत), भाकपा (माले) के 14 में से नौ (64 प्रतिशत), कांग्रेस के 23 में से 12 (52 प्रतिशत), जनसुराज पार्टी के 114 में से 49 (43 प्रतिशत), लोजपा (रामविलास) के 13 में से पांच (38 प्रतिशत), जदयू के 57 में से 15 (26 प्रतिशत), बसपा के 89 में से 16 (18 प्रतिशत), भाकपा के पांच में से चार (80 प्रतिशत) और माकपा के तीनों उम्मीदवार पर गंभीर आरोप हैं। संपत्ति के मामले में 1,303 में से 519 (40 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उम्मीदवारों की औसत घोषित संपत्ति 3.26 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में शैक्षिक योग्यता का भी जिक्र हैं, जिसमें 519 (40 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने स्वयं को पांचवीं से 12वीं पास बताया जबकि 651 (50 प्रतिशत) उम्मीदवार स्नातक या उससे अधिक शिक्षित हैं। प्रथम चरण में महिला उम्मीदवारों की हिस्सेदारी नौ प्रतिशत है। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में छह व 11 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## अपराध के समय नाबालिग होने का दावा करने वाले आरोपी को जेल नहीं भेज सकते: अदालत

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक आदेश में कहा कि किशोर न्याय अधिनियम के तहत अपराध के समय नाबालिग होने का दावा करने वाले आरोपी को उसके आयु निर्धारण के संबंध में जांच के दौरान भी जेल नहीं भेजा जा सकता और ना ही हवालात में रखा जा सकता है। अदालत ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वाला या कथित तौर पर उल्लंघन करने वाला बच्चा जब तक 21 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेता तब तक उसे जेल में नहीं डाला जा सकता। न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और न्यायमूर्ति संदीप जैन की पीठ ने कहा, धारा 10 को देखने से पता चलता है कि कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे को किसी भी मामले में पुलिस हवालात या जेल में नहीं डाला जा सकता। अदालत ने कहा, किशोर न्याय अधिनियम की धारा 9(4) कहती है कि एक अदालत के समक्ष अपराध के दिन नाबालिग होने का दावा करने वाले व्यक्ति को जांच की प्रक्रिया के दौरान सुरक्षात्मक हिरासत में रखा जाना चाहिए।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड में 50 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग जिले में पुलिस ने 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य का करीब 200 किलोग्राम चूरा पोस्त जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिष्णुगढ़ के अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बी. एन. प्रसाद ने बताया कि हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनी अंजन को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। प्रसाद ने बताया कि चरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर सोमवार शाम वाहनों की जांच की गई तथा मादक पदार्थ को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने कहा, ''आरोपियों ने वाहन छोड़कर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उनका पीछा किया और चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कुछ अन्य तस्करों के बारे में जानकारी दी। हम उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं।'' एसडीपीओ ने बताया कि इस संबंध में स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### यूपी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने अगले महीने से शुरू होने जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक बैठक कर समीक्षा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, रिणवा ने डिजिटल रूप से हुई बैठक में निर्देश दिया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी राजनीतिक दलों के साथ बैठक करें और उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया व आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराएं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी पात्र व्यक्तियों का नाम शामिल किया जाए, कोई अपात्र व्यक्ति न जोड़ा जाए। रिणवा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गणना प्रपत्रों का मुद्रण, वितरण, मिलान व संग्रहण समय से सुनिश्चित किया जाए और उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सत्यापन करें और गणना प्रपत्रों की एक प्रति मतदाता को हस्ताक्षर सहित लौटाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता न हों। रिणवा ने बताया कि 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नवयुवकों के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं और अधिकारी वृद्ध, दिव्यांग, बीमार एवं निर्धन मतदाताओं को सुविधा देने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती करें।

### महाराणा प्रताप का बलिदान, देशभक्ति युगों-युगों तक गूंजती रहेगी: ओम बिरला

**कोटा** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कोटा जिले के रामगंज मंडी कस्बे में मेवाड़ के पूर्व राजा महाराणा प्रताप की भव्य अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज सिंह मेवाड़ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस समारोह में उपस्थित थे। बिरला ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वाभिमान किसी भी शक्ति या वैभव से बढ़कर है। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध में एक शक्तिशाली सेना के खिलाफ लड़ते हुए महाराणा प्रताप के हृदय में प्रज्वलित ज्वाला ने ही मुगल सल्तनत के अहंकार को कुचल दिया था। बिरला ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के गौरव हैं और उनका जीवन एक प्रकाश स्तंभ है, जो हमारी आंतरिक शक्ति को सदैव नयी ऊर्जा प्रदान करता रहेगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाराणा प्रताप का नाम सुनते ही प्रत्येक भारतीय के हृदय में गौरव और श्रद्धा की भावना जागृत हो जाती है। उन्होंने कहा कि हाड़ौती में महाराणा प्रताप की प्रतिमा उस राजा के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि के सम्मान और गौरव के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। बिरला ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल शक्ति से नहीं, बल्कि नीति, न्याय और करुणा से किया जाता है।

## देव दीपावली से पहले काशी के घाटों पर संगीत, नृत्य और लोक कलाओं की गूंज सुनाई देगी



**वाराणसी,(उप्र):** देव दीपावली से पहले काशी के घाटों पर संगीत, नृत्य व लोक कलाओं की संगीतमय सरिता बहेगी। मां गंगा के पावन तट पर इस वर्ष गंगा महोत्सव का आयोजन एक से चार नवम्बर तक किया जाएगा। एक बयान के मुताबिक, उप्र सरकार के प्रयास से राजघाट पर देशभर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर काशी की इस सांस्कृतिक परंपरा को और भव्य बनाएंगे जिनमें शास्त्रीय, भक्ति तथा लोक संगीत का अद्भुत संगम दिखाई देगा। इस महोत्सव में गायक हंसराज रघुवंशी अपने भजनों से श्रोताओं को भक्ति रस से ओत-प्रोत करेंगे। वहीं, पद्मश्री मालिनी अवस्थी अपने लोक गायन से उत्तर भारत की लोक परंपराओं को जीवंत करेंगीं। पद्मश्री गीता चन्द्रन का भरतनाट्यम नृत्य भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगा। वहीं, 'नमो घाट' पर काशी सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता के प्रमुख कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। संयुक्त निदेशक (पर्यटन) दिनेश कुमार ने बताया कि चार दिवसीय इस उत्सव में गीत, संगीत, नृत्य और वादन की सरिता बहेगी। गंगा महोत्सव के मंच पर लोक और शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियां गूंजेंगी, जबकि पारंपरिक नृत्य शैलियों की भी झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में विशेष रूप से गायक हंसराज रघुवंशी आयोजन के अंतिम दिन अपने भजनों से श्रद्धा और भक्ति का भाव जगाएंगे। वहीं, पद्मश्री मालिनी अवस्थी तीन अक्टूबर को लोक गायन से काशी की धरती पर उत्तर भारत की लोक परंपराओं को जीवंत करेंगी।

## वाराणसी की देव दीपावली में दिखेगी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक : जयवीर सिंह




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि वाराणसी की देव दीपावली में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक दिखाई देगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस बार देव दीपावली पांच नवंबर को मनाई जाएगी और वाराणसी में इस उपलक्ष्य में होने वाले समारोह में मंत्री जयवीर सिंह शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि देव दीपावली के अवसर पर जब पूरी काशी गंगा तट पर दीयों की रोशनी में नहाएगी, तब शहर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक प्रस्तुत करेगा। इसमें कहा, ''इस बार की देव दीपावली में वाराणसी के घाट केवल धार्मिक आस्था से ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता से भी आलोकित होंगे। गंगा किनारे जगमगाते लाखों दीप देश की विविध परंपराओं का जीवंत चित्र बनेंगे।'' बयान के अनुसार, हर घाट अपनी विशिष्ट पहचान के साथ अलग-अलग संस्कृति का रंग बिखेरेगा, कहीं मराठी परंपरा झलकेगी, कहीं दक्षिण भारत की रीतियां, कहीं मैथिल ब्राह्मणों द्वारा दीपों की साज-सज्जा होगी, तो कहीं गुजराती रंगोली व थालियों की सजावट आकर्षण का केंद्र बनेगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि काशी की यह देव दीपावली वैश्विक स्तर पर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार करती दिखाई देगी, और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक अनोखा अनुभव बनेगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू कश्मीर: प्रस्तावित वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के खिलाफ कटरा में प्रदर्शन

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर की प्रस्तावित वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के खिलाफ कटरा शहर में प्रदर्शनकारी मंगलवार को सड़कों पर उतर आए और उन्होंने परियोजना को स्थगित नहीं किए जाने पर फिर से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी। वैष्णो देवी तीर्थयात्रा के आधार शिविर कटरा के स्थानीय लोग 250 करोड़ रुपये की रोपवे परियोजना का विरोध कर रहे हैं। यह परियोजना रियासी में गुफा मंदिर तक 12 किलोमीटर लंबे मार्ग के साथ ताराकोट मार्ग को सांझी छत से जोड़ेगी। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि रोपवे से 60 हजार से अधिक परिवारों, विशेषकर होटल व्यवसायियों, दुकानदारों और मजदूरों की आजीविका प्रभावित होगी।

### दिल्ली नगर निगम के 12 वार्ड पर उपचुनाव 30 नवंबर को होंगे, नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे

**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्ड के लिए उपचुनाव 30 नवंबर को होंगे और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यह घोषणा की। नामांकन की प्रक्रिया तीन नवंबर से शुरू होगी और इसे दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर होगी जबकि नामांकन पत्रों की जांच 12 नवंबर को की जाएगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 15 नवंबर होगी। मतदान 30 नवंबर को सुबह साढ़े सात बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक बिना किसी विराम के होगा। वर्तमान में एमसीडी में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दावा है कि वह उपचुनावों में भारी जीत हासिल करेगी जबकि दूसरी ओर आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बयान में कहा कि वह उपचुनावों के लिए तैयार है।

### मऊ में नहर में तैरता मिला व्यक्ति का शव

**मऊ :** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के एक गांव में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव नहर में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान गहना गांव के निवासी मनीष सिंह (30) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार लोग छठ पर्व के अवसर पर स्नान और पूजा-अर्चना के लिए नहर के पास एकत्र हुए थे, तभी किसी ने शव को देखा और अन्य लोगों को इसकी सूचना दी। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मनीष ने दिवाली पर नयी मोटरसाइकिल खरीदी थी। ऐसा संदेह है कि मोटरसाइकिल चलाना सीखते समय वह दुर्घटनावश नहर में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। मनीष तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। सूचना मिलने पर हलधरपुर थाना प्रभारी विजय कुमार मौर्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को बाहर निकाल लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी मौर्य ने कहा कि जांच चल रही है और मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

### कर्नाटक: सार्वजनिक स्थानों पर निजी संगठनों की गतिविधियों के लिए अनुमति लेने संबंधी आदेश पर रोक

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को झटका देते हुए मंगलवार को उसके एक हालिया निर्देश पर रोक लगा दी, जिसमें सरकारी परिसरों में गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में निजी संगठनों के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया था। हालांकि, सरकारी आदेश में स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का नाम नहीं है, लेकिन कहा जा रहा है कि आदेश के प्रावधानों का उद्देश्य संगठन की पथ संचलन जैसी गतिविधियों को प्रभावित करना है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने निर्देश पर अंतरिम रोक लगा दी और अगली सुनवाई 17 नवंबर के लिए निर्धारित की। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार के आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक के खिलाफ अपील दायर करने का निर्देश दिया है।

# गवाहों को अदालत में झूठी गवाही देने के लिए धमकाना संज्ञेय अपराध : उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक अहम फैसले में, मंगलवार को कहा कि किसी भी व्यक्ति को झूठी गवाही देने के लिए धमकाना एक संज्ञेय अपराध है और 2006 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में जोड़े गए एक प्रावधान की अस्पष्टता पर स्थिति स्पष्ट की, जिसकी वजह से दो उच्च न्यायालयों ने अलग-अलग व्याख्या की थी। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि विधिक योजना से यह साफ है कि आईपीसी की धारा 195ए को धारा 193 (झूठी गवाही के लिए सज़ा), 194 (मौत की सज़ा वाले अपराध में दंड दिलाने के इरादे से झूठी गवाही देना या गढ़ना), 195 (उम्रकैद या सात साल या उससे अधिक की जेल की सज़ा वाले अपराध में सज़ा दिलाने के इरादे से झूठी गवाही देना या गढ़ना) और 196 (झूठी गवाही) के तहत आने वाले अपराधों से अलग अपराध के रूप में बनाया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 193 से 196 के तहत अपराधों के लिए शिकायत केवल वही लोग कर सकते हैं जिनके नाम का जिक्र दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 195(1)(बी)(आई) में किया गया है और ये सभी गैर-संज्ञान अपराध हैं। पीठ ने कहा, ''हालांकि, धारा 195ए के तहत किया गया अपराध एक संज्ञेय अपराध है और यह किसी व्यक्ति को उसकी जान, प्रतिष्ठा, संपत्ति या किसी ऐसे व्यक्ति की जान या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर झूठी गवाही देने के लिए उकसाने से जुड़ा है, जिसमें उस व्यक्ति की दिलचस्पी हो।'' पीठ ने कहा कि किसी गवाह को अदालत में आने से बहुत पहले भी धमकी दी जा सकती है, हालांकि ऐसी धमकी के तहत झूठी गवाही देना उस अदालत में चल रही कार्यवाही से जुड़ी होती है। पीठ ने कहा, ''शायद यही वजह है कि इस अपराध को संज्ञेय बनाया गया ताकि जिस गवाह या दूसरे व्यक्ति को धमकी दी गई है, वह तुरंत कदम उठा सके। इसके लिए वह या तो धारा 154, सीआरपीसी के तहत संबंधित पुलिस अधिकारी को इस संज्ञेय अपराध के होने की मौखिक जानकारी दे सकता है, या धारा 195ए, सीआरपीसी के तहत क्षेत्राधिकार वाले मजिस्ट्रेट के पास शिकायत कर सकता है, ताकि फौजदारी कानून की प्रक्रिया शुरू हो सके।''

## दिल्ली : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पूजा के बाद यमुना के घाटों पर सफाई अभियान शुरू किया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार सुबह छठ पूजा के समापन के कुछ घंटों बाद यमुना के वासुदेव घाट पर विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कंपिल मिश्रा के साथ गुप्ता ने पानी की बोतलें, फूल, दीये और अन्य ठोस अपशिष्ट सहित कूड़ा एकत्र किया। उन्होंने घाट के एक हिस्से की सफाई भी की। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, ''पूरे शहर में छठ पर्व मनाया गया और संभव है कि कुछ कचरा बच गया होगा। हम एक विशेष अभियान चलाकर इसे साफ करेंगे।'' उन्होंने कहा कि यमुना के पानी में तैर रहे और वासुदेव घाट पर बिखरे अपशिष्ट पदार्थों की सफाई की जा रही है। इस अभियान में सभी को शामिल होने की जरूरत है। गुप्ता ने कहा, ''स्वच्छता कार्य पूरे वर्ष, चौबीसों घंटे किया जाना चाहिए। यह एक सतत प्रयास है जिसे सरकार और लोगों दोनों को ही करना होगा।''

### राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरेंगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को हरियाणा में अंबाला वायु सेना अड्डे से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया था। पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने क्रमशः आठ जून 2006 और 25 नवंबर 2009 को पुणे के पास लोहेगांव स्थित वायुसेना अड्डे से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से उड़ान भरी थी। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर मुर्मू ने आठ अप्रैल, 2023 को असम के तेजपुर वायु सेना अड्डे से सुखोई-30 लड़ाकू विमान से उड़ान भरी। मुर्मू बतौर राष्ट्रपति इस लड़ाकू विमान से उड़ान भरने वाली तीसरी शख्सियत और दूसरी महिला राष्ट्राध्यक्ष बनीं। राष्ट्रपति भवन की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को हरियाणा के अंबाला जाएंगी, जहां वह राफेल से उड़ान भरेंगी।

## दिल्ली के कुछ इलाकों में कृत्रिम बारिश का पहला परीक्षण किया गया




**नयी दिल्ली :** दिल्ली के बुराड़ी और करोल बाग सहित कई इलाकों में कृत्रिम बारिश का पहला परीक्षण किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक कृत्रिम बारिश के लिए हवा में रसायनों का छिड़काव करने के लिए विमान ने कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी और यह परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के उद्देश्य से किया गया यह परीक्षण, सर्दियों के महीनों के दौरान बिगड़ती वायु गुणवत्ता में सुधार की दिल्ली सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। पिछले हफ्ते बुराड़ी के आसमान में भी विमान ने एक परीक्षण उड़ान भरी थी। परीक्षण के दौरान, विमान से कृत्रिम वर्षा कराने वाले 'सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड यौगिकों' की सीमित मात्रा का छिड़काव किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, बारिश वाले बादलों का निर्माण करने के लिए हवा में कम से कम 50 प्रतिशत नमी होनी चाहिए लेकिन इसकी तुलना में नमी 20 प्रतिशत से भी कम होने की वजह से बारिश नहीं हुई।

## चक्रवात मोंथा: ओडिशा में भारी बारिश से भूस्खलन, जनजीवन प्रभावित

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के तटीय और दक्षिणी जिलों में भीषण चक्रवाती तूफान 'मोंथा' की वजह से मंगलवार को भारी बारिश होने से भूस्खलन हुआ, घरों को नुकसान पहुंचा और कई जगह पेड़ भी उखड़ गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि मोंथा के तट से टकराने की शुरुआत पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शाम लगभग सात बजे से हुई, जो तीन से चार घंटे तक जारी रहेगी। दक्षिणी ओडिशा के आठ जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति, गंजम, कंधमाल, कालाहांडी और नवरंगपुर से नुकसान की प्रारंभिक खबरें प्राप्त हुई है। हालांकि, क्षेत्र के कुल 15 जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। गजपति जिले के अनाका ग्राम पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पास की पहाड़ियों से बड़े-बड़े पत्थर गिरे, जिससे पांच गांवों की सड़कें अवरुद्ध हो गईं। स्थानीय पंचायत पदाधिकारी बालकृष्ण मलिक ने बताया, इस जगह को पहले भूस्खलन-प्रवण क्षेत्र के रूप में पहचाना गया था। इसलिए सड़कों से पत्थरों को जल्द से जल्द हटाने के लिए व्यवस्था की गई है। गजपति के काशीनगर ब्लॉक की परतोदा पंचायत में लिंगा-बारभा मार्ग पर भी भूस्खलन की सूचना मिली है। रायगढ़ जिले के गुनुपुर, गुदारी और रामनागुड़ा इलाकों में भी पेड़ उखड़ गए। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया, चक्रवात के राज्य से गुजरने के बाद विभिन्न जिलों से हुए नुकसान की रिपोर्ट संकलित की जाएगी।

## रूसी असैन्य विमान एसजे-100 का निर्माण करेगी एचएएल



**नयी दिल्ली :** भारत और रूस ने अपने घनिष्ठ रणनीतिक संबंधों के तहत छोटी दूरी की उड़ानों के लिए मिलकर दो-इंजन वाले एक 'नैरो-बॉडी' असैन्य विमान के निर्माण के लिए समझौता किया है। सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एसजे-100 विमान के निर्माण के लिए रूस की सरकार के नियंत्रण वाली पब्लिक जॉइंट स्टॉक कंपनी यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कोऑपरेशन (पीजेएससी-यूएसी) के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते पर सोमवार को मॉस्को में हस्ताक्षर किए गए। यह भारत में किसी यात्री विमान के निर्माण की दिशा में पहली परियोजना है। अब तक 200 से अधिक एसजे-100 विमान बनाए जा चुके हैं और 16 से अधिक वाणिज्यिक विमानन कंपनियां इनका इस्तेमाल कर रही हैं। एचएएल ने कहा, एसजे-100 भारत में 'उड़ान' योजना के तहत छोटी दूरी की हवाई यात्रा के लिए निर्णायक साबित होगा। इस समझौते के तहत एचएएल को घरेलू ग्राहकों के लिए एसजे-100 विमान के निर्माण का अधिकार मिलेगा।

## केंद्र ने राज्यों से पूर्व अग्निवीरों की निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती सुनिश्चित करने को कहा



**नयी दिल्ली :** केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से कहा है कि वे पूर्व अग्निवीरों की निजी सुरक्षा एजेंसियों और प्रशिक्षण संस्थानों में भर्ती सुनिश्चित करें, क्योंकि उनके पास सशस्त्र बलों में काम करने का अनुभव है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों के आगे के कैरियर को दिशा देने के लिए सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को पत्र भेजा है। जून 2022 में केंद्र ने अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी, जिसके तहत तीनों सेनाओं में साढ़े 17 से 21 साल की आयु वर्ग के युवाओं को चार वर्षों के लिए भर्ती करने का प्रावधान है। इनमें से 25 प्रतिशत युवाओं को अगले 15 वर्षों तक सेवा में बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अग्निवीरों का पहला बैच अगले साल अपना चार साल का सेवाकाल पूरा करेगा। पत्र में कहा गया है कि इस मंत्रालय के पुलिस दो प्रभाग को एक प्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया गया है, जिसके तहत सरकारी विभागों, एजेंसियों, बैंकों आदि द्वारा आउटसोर्स की गई सुरक्षा प्रदाता एजेंसियों में अग्निवीरों के समायोजन को सुनिश्चित किया जा सके।

### छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का एसआईआर शुरू

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) यशवंत कुमार ने मंगलवार को कहा कि राज्य में आज से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस कवायद का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से न छूटे। कुमार ने कहा कि एसआईआर-2025 का पहला चरण बिहार में पहले ही पूरा हो चुका है, दूसरा चरण अब छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता विवरण को सत्यापित और अद्यतन करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कवायद के तहत 28 अक्टूबर से तीन नवंबर तक प्रकाशन और प्रशिक्षण गतिविधियां होंगी, जिसके बाद चार नवंबर से चार दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर फॉर्म वितरित करेंगे।

## भारत की मिट्टी में नाइट्रोजन, ऑर्गेनिक कार्बन जैसे पोषक तत्वों की अत्यधिक कमी: अध्ययन



**नयी दिल्ली :** भारत की मिट्टी में नाइट्रोजन और कार्बनिक कार्बन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की अत्यधिक कमी है, जिस कारण टिकाऊ कृषि के भविष्य के लिए गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। एक अध्ययन में मंगलवार को यह दावा किया गया। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) द्वारा किया गया यह अध्ययन सरकार के अपने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आंकड़ों पर आधारित है। इसमें पाया गया कि मिट्टी के 64 प्रतिशत नमूनों में नाइट्रोजन की मात्रा कम मिली और 48.5 प्रतिशत में कार्बनिक कार्बन की मात्रा कम थी, जो मृदा उर्वरता और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से उबरने को दर्शाने वाले दो प्रमुख संकेतक हैं। निष्कर्षों से पता चला है कि भारत में उर्वरकों के अधिक इस्तेमाल से मिट्टी की सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ है। अध्ययन के अनुसार, आंकड़ों से पता चलता है कि मिट्टी में नाइट्रोजन आधारित उर्वरक डालने से ''मृदा में नाइट्रोजन के स्तर में कोई खास सुधार नहीं होता'' और यह भी कहा गया है कि ''कुल (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम) उर्वरक के इस्तेमाल से मिट्टी में जैविक कार्बन में कोई सुधार नहीं होता।'' अध्ययन में कहा गया है, ''स्वस्थ मिट्टी का एक महत्वपूर्ण कार्य कार्बनिक कार्बन को संग्रहीत करने की उसकी क्षमता है, जो इसे जलवायु परिवर्तन शमन के लिए आवश्यक बनाता है। भारत की मिट्टी सालाना अनुमानतः 6 से 7 टेराग्राम कार्बन को सोख सकती है।''

## अगर हम अपने चिकित्सकों का ध्यान नहीं रखेंगे तो समाज हमें माफ नहीं करेगा: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने निजी क्लीनिक, औषधालयों और गैर-मान्यता प्राप्त अस्पतालों में कोविड-19 से लड़ते हुए जान गंवाने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को बीमा पॉलिसी में शामिल नहीं किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए मंगलवार को कहा कि यदि न्यायपालिका चिकित्सकों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके लिए खड़ी नहीं होगी तो समाज उसे माफ नहीं करेगा। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का निपटारा करें और यह धारणा सही नहीं है कि निजी चिकित्सक मुनाफा कमाने के लिए काम कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''अगर हम अपने चिकित्सकों का ध्यान नहीं रखेंगे और उनके लिए खड़े नहीं होंगे तो समाज हमें माफ नहीं करेगा...।'' उसने कहा, ''अगर आपके अनुसार यह शर्त पूरी होती है कि वे कोविड-19 से निपटने के लिए काम कर रहे थे और कोविड के कारण उनकी मौत हुई है तो आपको बीमा कंपनी को भुगतान करने के लिए बाध्य करना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि वे सरकारी ड्यूटी पर नहीं थे, यह धारणा सही नहीं है कि वे मुनाफा कमा रहे थे।''

## शिलांग में पांच संदिग्ध बांग्लादेशी गिरफ्तार



**शिलांग :** मेघालय में बगैर किसी वैध दस्तावेज के यात्रा कर रहे पांच संदिग्ध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मावलाई पुलिस और विशेष अभियान दल (एसओटी) द्वारा संयुक्त अभियान के दौरान मावलाई मावियोंग स्थित आईएसबीटी जंक्शन से सोमवर को ये गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए पांच लोगों की पहचान मोहम्मद फाजिद बिलुल (47), लेलेपा बेगम (40), मुसमात जहाना खातून (35), मोहम्मद आलमगीर मिया (25) और मोहम्मद इमाममुल हसन (18) के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, यह समूह बगैर किसी वैध यात्रा दस्तावेज के श्रीनगर से शिलांग होते हुए बांग्लादेश की ओर जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आईएसबीटी जंक्शन पर जांच अभियान के दौरान पर्यटकों को ले जा रही टैक्सी को रोक दिया जिसमें ये पांच लोग सवार होकर यात्रा कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि भारत में आने के लिए वे वैध यात्रा दस्तावेज या पासपोर्ट प्रस्तुत करने में असफल रहे। पुलिस अधीक्षक (शहर) विवेक सीएम ने कहा कि मावलाई थाने में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

## लॉ फर्म, स्कूलों से भारत में क्रांतिकारी बदलाव आए : अटॉर्नी जनरल वेंकटरमण

**नयी दिल्ली :** अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण ने मंगलवार को कहा कि कानूनी फर्म और लॉ स्कूल मिलकर देश के विधिक परिदृश्य में परिवर्तनकारी बदलाव लेकर आए हैं, जिससे शिक्षा और पेशेवर उत्कृष्टता दोनों को बढ़ावा मिला है। वह यहां दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स (एसआईएलएफ) के नए कार्यालय भवन और विवाद समाधान केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। वेंकटरमण ने कहा, लॉ फर्म और लॉ स्कूल मिलकर भारत के कानूनी परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं, जिससे शिक्षा और पेशेवर उत्कृष्टता दोनों में वृद्धि हुई है। मैंने हमेशा देश में लॉ फर्म के विकास का समर्थन किया है, क्योंकि उनके योगदान के बिना, कानूनी शिक्षा और यह पेशा आज जितना फल-फूल रहा है, उतना फल-फूल नहीं पाता। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि यह भवन भारत के लॉ स्कूलों के सहयोग से उन्नत प्रशिक्षण और बौद्धिक विकास का आधार बनेगा, तथा ऐसी नई पीढ़ी के वकीलों को तैयार करेगा, जो इस पेशे में केवल एक विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि न्याय की आजीवन साधना के रूप में प्रवेश करेंगे। एसआईएलएफ के अध्यक्ष ललित भसीन ने कहा कि नया एसआईएलएफ विवाद समाधान केंद्र कानूनी उत्कृष्टता और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है।

## रेलमंत्री वैष्णव ने मोंथा चक्रवात के मद्देनजर रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चक्रवात मोंथा के लिए रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की। इस तूफान के मंगलवार को आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना के तटीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक वैष्णव ने संबंधित रेलवे जोन को भारत के पूर्वी तट पर चक्रवात के प्रभाव की आशंका के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि रेल मंत्री ने प्रमुख कार्य बिंदुओं पर चर्चा की, जैसे कि मंडल स्तरीय 'वॉर रूम' को सक्रिय करना, आवश्यक सामग्री, मशीनरी और मानव शक्ति तैयार रखना, विशेष रूप से विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और गुंटूर मंडलों में, साथ ही यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए ट्रेन परिचालन की निगरानी करना। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''मंत्री ने पूर्वी तट रेलवे, दक्षिणी तट रेलवे और दक्षिण मध्य रेलवे जोन को आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए संसाधन जुटाने और आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा है।'' उन्होंने बताया कि वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में पूर्वी तट पर रेलवे नेटवर्क की तैयारी पर मुख्य रूप से विचार विमर्श किया गया। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, ''केंद्रीय मंत्री ने यात्री सुरक्षा, ट्रेन नियमन, बहाली योजना और स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के साथ समन्वय के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की।'' इसके मुताबिक निर्बाध संचार और आपदा प्रतिक्रिया टीम की समय पर तैनाती की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए वैष्णव ने सभी रेलवे जोन को उच्चतम स्तर पर सतर्क रहने और चक्रवात के बाद ट्रेन सेवाओं की तेजी से बहाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पूर्वी तटीय रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ मिलकर मंत्री को संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर वाल्टेयर और खुर्दा रोड मंडलों में पहले से ही शुरू किए गए एहतियाती उपायों के बारे में जानकारी दी। एससीआर ने परिचालन सुरक्षा के मद्देनजर अब तक 10 रेलगाड़ियों को रद्द किया है और नौ अन्य के समय को पुनर्निर्धारित किया है। पटरियों, पुलों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की निगरानी के लिए गश्ती दल तैनात किए गए हैं। दक्षिण मध्य रेलवे ने कहा, '' बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी आवश्यक परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए डीजल इंजन और सचल बचाव दलों को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है।''

## वैज्ञानिकों ने नगरपालिका पेयजल की देश की पहली व्यापक मेटाजीनोमिक प्रोफाइल जारी की



**कोलकाता :** अत्याधुनिक जीनोमिक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के साथ जोड़ते हुए एक ऐतिहासिक सहयोग के तहत, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई), कोलकाता और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के वैज्ञानिकों ने नगरपालिका पेयजल की देश की पहली व्यापक मेटाजीनोमिक प्रोफाइल जारी की है। मंगलवार को जेडएसआई द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस अग्रणी अध्ययन से सूक्ष्मजीव विविधता और एंटीबायोटिक प्रतिरोध जीन (एआरजी) पैटर्न का पता चला है, जो देश की 'वन हेल्थ' पहल के लिए काफी मायने रखता है। मेटाजीनोमिक्स, किसी विशेष वातावरण में मौजूद पूरे जीव समुदाय (मुख्यतः सूक्ष्मजीवों) की आनुवंशिक सामग्री के अध्ययन से संबंधित विज्ञान है। इसमें नमूने से सीधे डीएनए या आरएनए निकालकर उसे अनुक्रमित करना शामिल है। 'भारतीय शहर में नगरपालिका पेयजल माइक्रोबायोम की मेटाजीनोमिक प्रोफाइलिंग: विविधता, जल गुणवत्ता और एएमआर क्षमता में अंतरदृष्टि' शीर्षक से यह अध्ययन 'जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल केमिकल इंजीनियरिंग' (एल्सेवियर) में प्रकाशित हुआ है। यह अनुसंधान भारत में पहली बार सार्वजनिक पेयजल प्रणालियों में मेटाजीनोमिक अनुक्रमण लागू करके पारंपरिक संवर्धन-आधारित परीक्षण से परे जाता है। विश्लेषण से सूक्ष्मजीव समुदायों का गहन अवलोकन मिलता है, जिसमें लाभकारी और अवसरवादी दोनों प्रकार के जीवाणु, तथा रोगाणुरोधी प्रतिरोधी जीन के अंश शामिल हैं, जो बहुऔषधि प्रतिरोध से जुड़े हैं। अवसरवादी जीवाण वे जीवाणु हैं जो आमतौर पर मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में बीमारी पैदा नहीं करते हैं, लेकिन जब प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है तो वे रोगजनक बन जाते हैं।

# आज भारत और ऑस्ट्रेलिया पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय: सूर्यकुमार की फॉर्म पर रहेगी निगाह



**कैनबरा:** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आज यहां होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में फॉर्म में लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम ने अपने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से आठ जीते हैं और एक-एक मैच हारे हैं, इसलिए मुकाबला बराबरी का होने की उम्मीद है। भारत का एक मैच टाई रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सूर्यकुमार का रन नहीं बना पाना टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर खेल दिखाने के लिए वह प्रतिबद्ध होंगे। सूर्य कुमार के कप्तान बनने के बाद भारतीय टीम ने निर्भीक क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि उनकी कप्तानी में भारत ने अब तक जो 29 मैच खेले हैं उनमें से 23 में उसे जीत मिली है। किसी भी कीमत पर आक्रामकता बनाए रखना और सूर्या के नेतृत्व कौशल के दम पर भारत ने सभी द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में जीत हासिल की है और वह हाल में एशिया कप जीतने में भी सफल रहा था। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला अगले साल की शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारत की वास्तविक तैयारी की शुरुआत है, जिसमें उसे 15 मैच खेलने हैं। लेकिन यह कहा जा सकता है कि इस श्रृंखला के परिणाम का कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले 10 मैच घरेलू परिस्थितियों में खेले जाएंगे। अच्छी बात यह है कि विश्व कप भी इसी तरह की परिस्थितियों में आयोजित किया जाएगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्या का खुलकर समर्थन किया और उनका मानना है कि कप्तान का लगातार कम स्कोर पर आउट होना चिंता का विषय नहीं है। सूर्यकुमार हालांकि बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में 18 पारियों में लगभग 156 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने 2024 में 151 के स्ट्राइक रेट से 450 से थोड़ा कम रन बनाए, लेकिन 2025 में अब तक भारतीय कप्तान 10 पारियों में 11 रन प्रति मैच की औसत से केवल 100 रन ही बना पाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 105 से अधिक है जिससे यह पता चलता है कि भले ही उन्हें रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति को पूरी तरह से नहीं छोड़ा है।

### खराब गेंदबाजी ने दिल्ली की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरा

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण ने उनके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन पर पानी फेर दिया और मेजबान टीम हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मंगलवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के अपने मैच में पूरे अंक हासिल करने में नाकाम रही। इस ड्रॉ मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दिल्ली को हालांकि तीन अंक मिले जबकि हिमाचल को एक अंक से संतोष करना पड़ा। हिमाचल ने जीत के लिए मिले 343 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 168 रन बना लिये थे, जब खराब रोशनी के कारण खेल को जल्दी समाप्त करना पड़ा। दिल्ली ने सुबह के सत्र में केवल नौ गेंदें खेलकर अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 209 रन बनाकर घोषित कर दी थी। कप्तान अंकुश बैंस (नाबाद 81) और बाएं हाथ के बल्लेबाज पुखराज मान (नाबाद 76) ने तीसरे विकेट के लिए 160 रन की अटूट साझेदारी कर मैच में दिल्ली की वापसी की कोशिश को नाकाम कर दिया। दिल्ली के गेंदबाज हालांकि दूसरी पारी में शानदार शुरुआत को भुनाने में नाकाम रहे।

# शमी के पांच विकेट से बंगाल ने गुजरात को हराया



### मेरी प्रेरणा फिट और भारतीय टीम के लिए उपलब्ध रहना: शमी

**कोलकाता:** सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने मंगलवार को कहा कि वह 'फिट' हैं और भारतीय टीम में वापसी के लिए 'तैयार' हैं। उन्होंने सत्र के पहले दो रणजी ट्रॉफी मैच में शानदार प्रदर्शन करके वापसी का अपना मजबूत दावा पेश किया। बंगाल के इस तेज गेंदबाज ने मंगलवार को गुजरात के खिलाफ मैच में आठ विकेट लिए और ईडन गार्डन्स पर अपनी टीम की 141 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। गुजरात की दूसरी पारी में पांच विकेट लेने के बाद शमी ने संवाददाताओं से कहा, 'काफी कड़ी मेहनत की है और मेरा मानना है कि किस्मत भी इसमें अहम भूमिका निभाती है। हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है।

**कोलकाता:** मोहम्मद शमी के पांच विकेट की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में गुजरात को 141 रन से हरा दिया। शमी ने इसके साथ ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की। शमी ने इस शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता में अब तक दो मैच में 68 ओवर में 15 विकेट चटकाकर अपनी फॉर्म और फिटनेस का अच्छा नजारा पेश किया है। यह तेज गेंदबाज पिछली बार चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की ओर से खेला था लेकिन पांच मैच के इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए टीम का हिस्सा नहीं था। शमी ने दूसरी पारी में 38 रन पर पांच विकेट चटकाए जिससे गुजरात की टीम 327 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 185 रन पर ढेर हो गई। शमी ने मैच में आठ विकेट चटकाए। पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर शहबाज अहमद को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। बंगाल ने चौथे और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 170 रन से आगे बढ़ाते हुए आठ विकेट पर 214 रन बनाकर पारी घोषित की। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम शमी की तूफानी गेंदबाजी के सामने 45.5 ओवर में सिमट गई। गुजरात की ओर से उर्विल पटेल ने नाबाद 109 रन बनाकर लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। उनके अलावा जयमीत पटेल (45) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। रामनगर में उत्तराखंड ने रेलवे के पहली पारी में 333 रन के जवाब में 398 रन बनाकर 65 रन की महत्वपूर्ण बढ़त और तीन अंक हासिल किए। रेलवे को एक अंक मिला। उत्तराखंड की टीम मंगलवार को पांच विकेट पर 310 रन से आगे खेलने उतरी। टीम की ओर से युवराज चौधरी ने सर्वाधिक 92 रन बनाए जबकि भूपेन लालवानी ने 78 रन की पारी खेली। रेलवे ने जब दूसरी पारी में एक विकेट पर 85 रन बनाए थे तो दोनों कप्तान कैच ड्रॉ कराने के लिए सहमत हो गए।

## मंधाना ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर मजबूत की अपनी स्थिति



**दुबई:** भारत की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर मंगलवार को करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बायें हाथ की इस 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं । इन पारियों के बाद उनके नाम 828 रेटिंग अंक हो गये, जो दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर (731) से 97 अंक अधिक हैं। गार्डनर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने नाबाद शतक के बाद छह स्थानों की छलांग लगाई। मंधाना को इससे पहले सितंबर 2025 के लिए 'आईसीसी-महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया था। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट भी 90 और 31 रनों की पारी की बदौलत दो स्थानों के सुधार के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गईं। इंग्लैंड की एमी जोन्स चार पायदान चढ़कर नौवें (656) स्थान पर पहुंच गई, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शीर्ष 40 में सबसे बड़ी छलांग लगाई और 16 स्थान के सुधार के साथ 16वें (613) स्थान पर पहुंच गईं।

### रिजवान ने श्रेणी बी में रखे जाने के कारण पीसीबी केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया

**लाहौर:** पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने राष्ट्रीय खिलाड़ियों को दिए गए नये केंद्रीय अनुबंधों में खुद को श्रेणी बी में जगह मिलने पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, नए अनुबंध प्राप्त करने वाले 30 खिलाड़ियों में से रिजवान एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नए अनुबंधों की पेशकश करते हुए प्रतिष्ठित श्रेणी ए को हटा दिया है, जो पहले केवल बाबर आजम, रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को ही दी जाती थी। बोर्ड ए श्रेणी को हटा कर खिलाड़ियों को यह स्पष्ट संदेश देना चाहता है कि वह पिछले एक साल में उनके प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है बोर्ड ने इस बार इन तीनों अनुभवी खिलाड़ियों सहित 10 खिलाड़ियों को श्रेणी बी में रखा है।

# अय्यर आईसीयू से बाहर, हालत स्थिर

**नयी दिल्ली:** भारत की वनडे टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और उनकी हालत स्थिर है, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता कम हो गई है। उन्हें तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) और पसली में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का मुश्किल कैच लेने की कोशिश में अय्यर को बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। शुरुआत में वह फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, 'चोट का तुरंत पता चल गया और खून बहने को तुरंत रोका गया। उसकी हालत अब स्थिर है और वह अब भी निगरानी में है। मंगलवार 28 अक्टूबर को दोबारा किए गए स्कैन में काफी सुधार दिखा और श्रेयस ठीक हो रहा है।' बीसीसीआई ने कहा, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों से सलाह करके उसकी प्रगति पर नजर रखेगी।' भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व अय्यर की सेहत में सुधार के बारे में जानकर उन्हें खुशी हुई।

## बिना कुछ कहे हिसाब बराबर... गुकेश ने उसी नाकामुरा को हराया जिसने फेंका था उनका मोहरा



**नई दिल्ली :** विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश ने 'क्लच चेस: चैम्पियंस शोडाउन' के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त हासिल की। यह एक शॉर्ट रैपिड टूर्नामेंट है जिसमें दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी गुकेश, मैग्नस कार्लसन, हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना भाग ले रहे हैं। पहले राउंड में गुकेश को कार्लसन के खिलाफ 1.5-0.5 से हार मिली, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए दूसरे राउंड में नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराया और तीसरे राउंड में कारुआना को 2-0 से मात दी। पहले दिन के अंत में गुकेश 4 में से 6 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। कार्लसन 3.5, नाकामुरा 3 और कारुआना 1.5 अंकों के साथ उनके पीछे रहे। दरअसल, कभी एक प्रदर्शनी मैच में हिकारू नाकामुरा ने जीत के बाद गुकेश का किंग पीस (राजा मोहरा) दर्शकों की ओर फेंक दिया था। वह पल काफी विवादों में रहा। लेकिन इस बार गुकेश ने बिना कुछ कहे, बिना किसी इशारे के उसी प्रतिद्वंद्वी को बोर्ड पर मात दे दी। सेंट लुइस में चल रहे 'क्लच चेस: चैम्पियंस शोडाउन' के पहले दिन भारतीय विश्व चैम्पियन ने नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराकर यह दिखा दिया कि जवाब हमेशा शब्दों से नहीं, चालों से दिया जाता है।



## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्धः पुरी



**हैदराबाद:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति फिलहाल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसी एक स्रोत में बाधा आने पर वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग भी मौजूद हैं। पुरी ने यहां एक संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है और पिछले वित्त वर्ष में 50 से अधिक देशों को 45 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का परिष्कृत तेल निर्यात किया गया। वर्तमान में भारत तेल रिफाइनिंग क्षमता के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर है और तीसरे स्थान तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इस समय भारत 40 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है। देश की रिफाइनरियां पेट्रोरसायन उद्योग के साथ अधिक एकीकृत हो रही हैं जिससे उनकी दक्षता और निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो रही है। पुरी ने बताया कि कच्चे तेल की खपत 56 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर अगले कुछ तिमाहियों में 60 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। पुरी ने कहा, आज स्थिति यह है कि वैश्विक बाजार में पर्याप्त तेल आपूर्ति मौजूद है। इसलिए यदि किसी एक स्रोत से आपूर्ति बाधित होती है, तो वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध हैं।

### अदाणी समूह ने वधावन बंदरगाह पर 53,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में हिस्सा लेने की इच्छा जताई

**मुंबई:** उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाली एपीएसईजेड ने वित्तीय राजधानी के पास वधावन बंदरगाह परियोजना में 53,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त की है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने पालघर जिले के पास अरब सागर में बनने वाली इस बंदरगाह परियोजना में सबसे बड़े शेयरधारक सरकारी जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) के साथ दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## मुनाफावसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 151 अंक फिसला

**मुंबई:** एशियाई बाजारों में कमजोरी के बीच मंगलवार को आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और रियल्टी शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 151 अंक टूट गया जबकि निफ्टी को 30 अंक का नुकसान हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 150.68 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ सत्र की शुरुआत करने वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 559.45 अंक तक टूटकर 84,219.39 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 29.85 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,936.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। हालांकि, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर चढ़कर बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार उतार-चढ़ाव के बीच नकारात्मक दायरे में रहे और नुकसान के साथ बंद हुए। मासिक वायदा अनुबंधों की समाप्ति और कमजोर वैश्विक संकेतों से मुनाफावसूली हावी रही।'

# मंत्रिमंडल ने 2025 रबी सत्र में गैर-यूरिया उर्वरकों पर 37,952 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को चालू 2025-26 रबी सत्र के लिए गैर-यूरिया उर्वरकों फॉस्फोरस और सल्फर पर 37,952 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी। हालांकि, नाइट्रोजन और पोटाश के लिए सब्सिडी दर में बदलाव नहीं किया गया है। ये दरें एक अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने चालू रबी सत्र के लिए फॉस्फेट सब्सिडी को 43.60 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 47.96 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। इसी प्रकार सल्फर की सब्सिडी 1.77 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 2.87 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई है। दूसरी ओर नाइट्रोजन और पोटाश के लिए सब्सिडी दर क्रमशः 43.02 रुपये प्रति किलोग्राम और 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम पर बरकरार है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, '2025 रबी के लिए स्वीकृत सब्सिडी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 14,000 करोड़ रुपये अधिक है। पिछले रबी सत्र के दौरान सब्सिडी लगभग 24,000 करोड़ रुपये थी।' उन्होंने बताया कि पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी दर आयात मूल्य और पोषक तत्वों की आवश्यकता, सब्सिडी का बोझ और एमआरपी आदि जैसे अन्य कारकों को ध्यान में रख कर तय की गई है। सब्सिडी दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। देश के कई हिस्सों में रबी (सर्दियों) की बुवाई शुरू हो गई है। इस मौसम में गेहूं, सरसों और चना मुख्य फसलें हैं। सरकार ने किसानों को बिना किसी बढ़े हुए एमआरपी के साथ डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और ट्रिपल सुपर फॉस्फेट (टीएसपी) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष पैकेज दिया है। उन्होंने कहा कि फॉस्फोरस और सल्फर की कीमतें पिछले स्तर से 10 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं, जबकि नाइट्रोजन और पोटाश समान स्तर पर हैं। मंत्री ने कहा, 'डीएपी और टीएसपी अत्यधिक खपत वाले उर्वरक हैं। सब्सिडी दर में वृद्धि से रबी सत्र में किसानों को लाभ होगा।' उन्होंने आगे कहा कि इन उर्वरकों की खुदरा कीमतों में वृद्धि न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार इसका भार वहन कर रही है। पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना केंद्र सरकार की एक पहल है, जिसके तहत गैर-यूरिया उर्वरकों, विशेष रूप से नाइट्रोजन, फॉस्फेट, पोटाश और सल्फर पर सब्सिडी दी जाती है।

## राजमार्ग परियोजनाओं में जल्द ही ठेकेदारों, अधिकारियों का विवरण होगा: गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले जल्द ही संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों के नाम, पते और मोबाइल नंबर सहित आवश्यक विवरण प्राप्त कर सकेंगे। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि इस कदम का मकसद न केवल देश में राजमार्ग परियोजनाओं का प्रबंधन करने वालों, बल्कि संबंधित अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करना है। गडकरी का यह बयान एनएचएआई की तीन अक्टूबर की घोषणा के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि वह यात्रियों को प्रासंगिक जानकारी और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर बताने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न हिस्सों पर त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड वाले साइनबोर्ड लगाएगा। उन्होंने पुराने कचरे के उपयोग के लिए 2027 तक की एक व्यापक योजना के बारे में भी बताया। इस योजना में सड़क निर्माण में 80 लाख टन पृथक प्लास्टिक कचरे का उपयोग किया जाएगा। इसमें सड़क निर्माण के लिए शोधन संयंत्रों से उपचारित जल का पुन: उपयोग जैसी टिकाऊ पहल भी शामिल हैं। गडकरी ने कहा कि एक ऐसी प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके स्कैन से परियोजना से संबंधित सभी जानकारी आसानी से मिलेगी, किसी भी असुविधा की स्थिति में पता चल सके कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं का निष्पादन ऑडिट कर रही है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी।

## आईओसी रूसी तेल खरीदना जारी रखेगी क्योंकि प्रतिबंध तेल पर नहीं बल्कि कुछ कंपनियों पर

**नयी दिल्ली:** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और अन्य भारतीय तेल कंपनियां रूस से कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह से बंद नहीं करेंगी क्योंकि हालिया प्रतिबंध केवल विशिष्ट रूसी आपूर्तिकर्ता के लिए हैं न कि तेल पर। यह एक ऐसी स्थिति है जो गैर-प्रतिबंधित संस्थाओं के माध्यम से प्रवाह जारी रखने की संभावना को खोलती है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक चार रूसी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं, लेकिन भारत को सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता कंपनी रोसनेफ्ट (जो लगभग 45 प्रतिशत तेल प्रवाह का प्रबंधन करती है) वास्तविक उत्पादक नहीं बल्कि एक 'एग्रीगेटर' है। रूस के क्षेत्रों से कच्चे तेल का एकत्रीकरण अन्य गैर-प्रतिबंधित संस्थाओं द्वारा किया जा सकता है, जिससे आपूर्ति जारी रह सकती है। अमेरिका के पिछले सप्ताह रूस के दो शीर्ष कच्चे तेल निर्यातकों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी तेल के लिए कोई नया ऑर्डर नहीं दिया है। वे बदले हुए परिदृश्य का आकलन कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता में कोई त्रुटि न हो। आईओसी के निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने कहा, 'जब तक हम प्रतिबंधों का पालन कर रहे हैं, हम रूसी कच्चे तेल की खरीद बिल्कुल बंद नहीं करेंगे।

### नोएल टाटा, दो अन्य ने मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में पुनर्नियुक्ति के खिलाफ किया मतदान

**नयी दिल्ली:** टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और उनके करीबी माने जाने वाले दो अन्य प्रभावशाली न्यासियों ने मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में पुनर्नियुक्ति के खिलाफ मतदान किया है। मामले से अवगत लोगों ने यह जानकारी दी। इससे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी को नियंत्रित करने वाली परोपकारी इकाई में दरार और गहरी हो गई। टाटा समूह के संरक्षक रतन टाटा का पिछले साल निधन होने के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का प्रमुख नियुक्त किया गया था। मेहली मिस्त्री को दिवंगत रतन टाटा के करीबी माना जाता है। मामले

## न्यूज अपडेट

### रुपया 10 पैसे टूटकर 88.29 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में कमजोरी के रुख और विदेशी पूंजी की निकासी के चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे टूटकर 88.29 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने गिरावट को कम किया। निवेशक आगे के संकेतों के लिए बुधवार को फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले पर भी नजर रख रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.34 पर खुला और बाद में दिन के दौरान 88.23 से 88.40 के दायरे में कारोबार करता रहा। रुपया अंततः डॉलर के मुकाबले 88.29 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है।

### टाटा कैपिटल का दूसरी तिमाही का मुनाफा 1,119 करोड़ रुपये पर स्थिर

**नयी दिल्ली:** टाटा समूह की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) टाटा कैपिटल का सितंबर तिमाही का एकीकृत मुनाफा 1,119 करोड़ रुपये पर स्थिर बना रहा। एनबीएफसी कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,133 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया था। शेयर बाजार में टाटा कैपिटल के शेयरों की सूचीबद्धता के बाद यह पहली तिमाही आंकड़ों की घोषणा है। इसके शेयर 13 अक्टूबर को सूचीबद्ध हुए थे। टाटा कैपिटल ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 7,750 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 7,192 करोड़ रुपये थी।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में अगले साल 20-24 विमान शामिल हो सकते हैं: प्रबंध निदेशक

**मुंबई:** एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने मंगलवार को कहा कि उसकी किफायती सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में अगले कैलेंडर वर्ष में 20 से 24 विमान शामिल किए जा सकते हैं। एयर इंडिया के बेड़े में फिलहाल 110 विमान हैं जिनमें एयरबस 320/321, बोइंग 737 व 737 मैक्स शामिल हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस के पहले रेट्रोफिटेड विमान के प्रदर्शन के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा, 'हम अगले कैलेंडर वर्ष में 20 से 24 विमान लाने की योजना बना रहे हैं।'

### बीपीसीएल ने ऑयल इंडिया लिमिटेड, एनआरएल, एफएसीटी के साथ समझौते किए

**हैदराबाद:** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने मंगलवार को ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) और फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) के साथ तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। बीपीसीएल ने बयान में कहा कि आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में रामायपट्टनम बंदरगाह के पास बीपीसीएल की आगामी नयी रिफाइनरी और पेट्रोरसायन परिसर के विकास में सहयोग के लिए बीपीसीएल और ऑयल इंडिया ने एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा बीपीसीएल, ऑयल इंडिया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) ने पेट्रोलियम उत्पादों की कुशल निकासी के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में सिलीगुड़ी से मुजफ्फरपुर होते हुए मुगलसराय तक 700 किलोमीटर लंबी 'क्रॉस-कंट्री' उत्पाद पाइपलाइन का संयुक्त निर्माण शामिल है, जिसका अनुमानित निवेश 3,500 करोड़ रुपये है। इसमें बीपीसीएल की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगा, जबकि शेष 50 प्रतिशत हिस्सेदारी ओआईएल और एनआरएल साझा करेंगे। हरित ऊर्जा और अपशिष्ट से ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाते हुए बीपीसीएल ने फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3396 अंक 206, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in